नई दिल्ली
शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 179
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## 85 पदक, नए भारत की नई पहचान

एशियन गेम्स 2026 के भारतीय दल से पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मुलाकात की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाड़ियों के साथ खुशी जाहिर करते हुए

### जब भी समय मिले अपने गांव और शहर के बच्चों से मिलिए आपके अनुभव उन्हें खेलों में आगे बढ़ने का अवसर दे सकेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशियन गेम्स 2026 के भारतीय दल से पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और प्रदर्शन को सराहा। पीएम ने कहा कि बीते एक दशक में देश में जो व्यवस्थाएं विकसित हुई हैं, उससे युवाओं को भरोसा हुआ है कि उनके सपनों को आगे बढ़ाने के लिए देश का पूरा सामर्थ्य उनके साथ खड़ा है। कोचिंग फीजियोथेरेपी में भी नए अवसर बन रहे हैं। आज हम जिस किसी भी फील्ड अपनी सफलता के लिए तो परिश्रम तो करना ही है, साथ ही नई पीढ़ी को गढ़ने की जिम्मेदारी भी उठानी है। इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स जो होंगे, उसमें आप उन बच्चों की मदद करें जो आगे बढ़ने का सपना देख रहे हैं। जब समय मिले अपने गांव अपने शहर के बच्चों से मिलिए। आपने अनुभव उन बच्चों के बहुत काम आ सकते हैं। आपकी छोटी सी बात उन्हें खेलों में आगे बढ़ने का मौका दे सकती है। देश के युवाओं को आपसे केवल स्पोर्ट्स की ही प्रेरणा नहीं मिलती है, खेल हमें जीवन में अनुशासन सिखाते हैं, हार से जीतने की सीख खेलों से मिलती है।

**खेलों से निराशावादी मानसिकता को हटाया:** पीएम ने कहा कि भारत ने भी बीते 12 वर्षों में बहुत धैर्य के साथ अपने स्पोर्ट्स कल्चर पर काम किया है। पहले गिने चुने मेडल्स आते थे। कितने खेल ऐसे थे, जिसका तो पता ही नहीं होता था।

#### 28 साल बाद वेटलिफ्टिंग में मेडल आया

पीएम ने कहा कि शूटिंग में, बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन किया है। हमें 28 साल बाद वेटलिफ्टिंग में मेडल आया है। 1982 के बाद मैराथन में मेडल आया है। मैं अपनी बेटियों का खासतौर पर सराहना करना चाहता हूं। भारत ने 85 मेडल जीते हैं, उनमें ने 38 मेडल हमारी महिला एथलीट्स ने जीते हैं। इनमें 11 गोल्ड मेडल शामिल हैं। ये मेडल केवल एक संख्या नहीं है, ये नए भारत की सशक्त तस्वीर है।

## खबर संक्षेप

### दिव्या मित्तल ने किया नई पार्टी का ऐलान

**मीरजापुर।** पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल ने एक वीडियो जारी कर अपनी नई पार्टी जननीति पार्टी



बनाने का ऐलान कर दिया है।इससे मीरजापुर में राजनीति गलियारे में हलचल बढ़ गई है। उन्होंने उप्र में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव लड़ने का भी ऐलान कर दिया है। कहा कि उनकी पार्टी इस चुनाव को मजबूती से लड़ेंगी। इसमें उनकी पार्टी के तीन वचन होंगे। जिनके मुद्दे पर वह अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारने का काम करेंगी।

### ड्रोन से पकड़े जाएंगे ट्रेनों पर पत्थर फेंकने वाले

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने ट्रेनों पर पत्थरबाजी, सामान व केबल चोरी और पटरियों पर अवैध



घुसपैठ रोकने के लिए ड्रोन निगरानी शुरू की है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के 284 स्टेशनों पर आधुनिक ड्रोन से संवेदनशील इलाकों पर नजर रखी जा रही है। नाइट विजन कैमरों से लैस ये ड्रोन 8 से 10 किमी के दायरे में निगरानी कर सकते हैं। इससे भीड़ प्रबंधन और महिला सुरक्षा के लिए भी हो रहा है। मार्च 2027 तक ड्रोन की संख्या 11 से बढ़ाकर 22 करेंगे।

### एक्टर इमरान खान को भारत छोड़ने का आदेश

**मुंबई।** सीजेपी प्रोटेस्ट के बाद अभिनेता इमरान खान को मुंबई पुलिस की तरफ से एक नोटिस



गया है, जिसमें उन्हें 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का आदेश मिला है। इमरान ने 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश के इस्तीफे को लेकर हुए प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने अभिनेता को हिरासत में भी लिया था। नोटिस के मुताबिक इमरान खान भारतीय नागरिक नहीं हैं। प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया है, जिसके कारण पुलिस की तरफ से उन्हें नोटिस भेजा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट तक मार्च पर राहुल गांधी को नोटिस, सीजेआई ने कहा

# हमें कोई भी धमका नहीं सकता राहुल अपनी मंशा को स्पष्ट करें ?

गुरुवार को प्रदर्शनों को लेकर लगभग दो दर्जन याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की

- एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के फैसलों के खिलाफ इन नेताओं की याचिका पर कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से जवाब मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक विपक्ष के मार्च मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोई भी कोर्ट को डरा-धमकाकर दबाव में नहीं ला सकता। ऐसी कोशिशें बेकार हैं। इन पर कोई ध्यान नहीं देता। उन्होंने कहा कि हमें पता कि कोर्ट के बाहर क्या कहा जा रहा है और कोर्ट के अंदर क्या कहा जा रहा है। हम किसी काल्पनिक दुनिया में नहीं जी रहे हैं। हमें हर बात की जानकारी है। सीजेआई ने राहुल का नाम लिए बिना यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक के आचरण पर सवाल करेंगे और उसे सफाई देनी होगी। उनको अपनी मंशा स्पष्ट करनी होगी। 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में विपक्षी नेताओं और उनके समर्थकों के जुटने से जुड़े मामले में राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अन्य 14 नेताओं को नोटिस जारी किया है।

राहुल ने 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला था वह इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे थे



सीजेआई सूर्यकांत | राहुल गांधी

- सभी कानूनी एजेंसियों को सीसीटीवी और अन्य डिजिटल फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश
- प्रदर्शन बुलाने वाला व्यक्ति दूसरों पर पड़ने वाले परिणामों की जिम्मेदारी भी ले

#### जंतर-मंतर को डिनोटिफाई करने पर भी नोटिस

सुप्रीम कोर्ट जंतर-मंतर को विरोध प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थल के रूप में हटाए जाने (डी-नोटिफिकेशन) को चुनौती देने वाली याचिका पर भी विचार करने के लिए सहमत हो गया है. अदालत ने इस मामले में दिल्ली पुलिस के आदेश के खिलाफ नोटिस जारी किया है। जंतर मंतर को डिनोटिफाई किए जाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि क्या यह फैसला इस कोर्ट की कुछ मौखिक टिप्पणियों की वजह से लिया गया या फिर इसे एक आम प्रदर्शन स्थल के रूप में इस्तेमाल करने की उपयोगिता पर सोच-विचार कर किया गया था?

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला | हिंदू धर्म 'छोड़कर' अपनाया दूसरा तो नहीं मिलेगा आरक्षण

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण और जाति-आधारित आरक्षण से जुड़े मामले में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण और जाति आधारित आरक्षण से जुड़े मामले में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। इस मामले में हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस सरकारी आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने वाले कुछ लोगों को पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम) की श्रेणी में शामिल कर आरक्षण का लाभ देने का प्रावधान किया गया था। मामला इस सवाल से जुड़ा था कि क्या धर्म परिवर्तन करने के बाद कोई व्यक्ति अपने पुराने सामाजिक वर्ग के आधार पर या पिछड़ा वर्ग मुस्लिम के रूप में आरक्षण का लाभ ले सकता है?

**मद्रास हाई कोर्ट ने क्यों रद्द किया तमिलनाडु सरकार का आदेश?**

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने कहा था कि हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने मात्र से किसी व्यक्ति को स्वतः 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा नहीं दिया जा सकता. अदालत ने तमिलनाडु सरकार के वर्ष 2024 के उस सरकारी आदेश को असंवैधानिक घोषित कर दिया था, जिसमें कुछ पिछड़े वर्गों से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को पिछड़ा वर्ग मुस्लिम की श्रेणी में शामिल करने का प्रावधान था।

**2024 के सरकारी आदेश में क्या था प्रावधान?**

तमिलनाडु सरकार के वर्ष 2024 के आदेश के अनुसार, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग , विमुक्त समुदाय या अनुसूचित जाति से आने वाला कोई व्यक्ति यदि इस्लाम अपनाता है, तो उसे आरक्षण के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम) माना जा सकता है।

### उपग्रह से मजबूत होगी वायुसेना की समर्पित सैन्य संचार क्षमता

# जीसैट-7सी उपग्रह, वरुणास्त्र की होगी खरीद, रक्षा मंत्रालय ने दी 4106 करोड़ के समझौतों को मंजूरी



- समुद्र की गहराई में दुश्मन की पनडुब्बियों का काल बनेगा वरुणास्त्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर जैसे कम समय में तेजी के साथ किए जाने वाले अभियान हों या चीन-पाकिस्तान सीमा से बढ़ता युद्ध का खतरा। अब दुश्मन की कोई चाल कामयाब नहीं होगी। क्योंकि रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को राजधानी में स्वदेशी, समर्पित जीसैट-7सी संचार उपग्रह और भारी वजन वाले वरुणास्त्र टॉरपीडो की खरीद के लिए दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनकी कुल कीमत 4 हजार 106 करोड़ रुपए है। पहले समझौते में उपग्रह के लिए बेंगलुरु की न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ 2 हजार 563 करोड़ रुपए का समझौता किया गया है। ये कंपनी इसरो की एक वाणिज्यिक शाखा होने के अलावा केंद्र सरकार के शत-प्रतिशत ▶▶शेष पेज 7 पर

#### फेल होगी दुश्मन की जैमिंग, साइबर हमले

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, स्वदेशी डिजाइन, विकास के साथ बनाया गया यह उपग्रह भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों, रडार, ड्रोन और कमांड सेंटर के बीच सुरक्षित, निर्बाध और जैमिंग रोधी संचार क्षमता प्रदान करेगा। साथ ही इससे दृष्टि रेखा यानी लाइट ऑफ साइट से परे भी संचार संभव हो सकेगा व इससे हवाई बल की नेटवर्क केंद्रित युद्ध क्षमता में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। उपग्रह में सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो (एसडीआर) के साथ रियल टाइम कनेक्टिविटी से रणनीतिक क्षमता में वृद्धि होगी। आधुनिक समय में सुरक्षित संचार के बड़े मायने होते हैं। जिसमें जीसैट-7सी उपग्रह के जरिए दुश्मन की जैमिंग, साइबर हमलों की स्थिति में भी वायुसेना की परिसंपत्तियां आपस में जुड़ी रहेंगी। यहां बता दें कि यह उपग्रह जीसैट सीरीज से ही जुड़ा हुआ है।

### शिकागो के पास इलिनोइस के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर से जुड़ा है ये पूरा मामला

# राइफल जाम होने से नाकाम हुई अमेरिका में हिंदू मंदिर में नरसंहार की थी बड़ी साजिश, पकड़ा गया आरोपी

विदेश मंत्रालय ने मामले पर चिंता जताते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

'जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है। रामधारी सिंह दिनकर की यह पंक्तियां सात समंदर पार दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका के इलिनोइस राज्य के ऑरोरा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हिंदुओं के नरसंहार की बड़ी साजिश रचने वाले 19 वर्षीय



अलेक्जेंड्रोस पापोराकिस नामक एक युवक पर पूरी तरह से सटीक बैठती हैं। जिसने बीते रविवार को नवरात्रि के पहले दिन मंदिर में इस भयावह घटना को अंजाम देने की मंशा के साथ प्रवेश किया था। लेकिन ऐन वक्त पर राइफल जाम हो गई। जिससे उसके नापाक मंसूबों पर पूरी तरह से पानी फिर गया। अमेरिका की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि यह मंदिर इलाके का एक चर्चित मंदिर है। जहां ▶▶शेष पेज 7 पर

#### भारत विरोधी घृणा बढ़ने पर चिंतित भारत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले पर मीडिया के सवालों के जवाब में गुरुवार को एक बयान जारी कर भारत की तरफ से अमेरिका में तेजी से बढ़ती भारत विरोधी घृणा, हिंदू विरोधी नकारात्मक मानसिकता और नस्लभेद की प्रकृति को लेकर गंभीर रूप से चिंता जताते हुए भारतीय समुदाय की सुरक्षा को हर हाल में सुनिश्चित करने के लिए कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही यह उम्मीद भी जताई है कि अमेरिका के अधिकारी इस घटना की व्यापक रूप से जांच-पड़ताल करेंगे। ▶▶शेष पेज 7 पर

#### निर्णायक कार्रवाई की जताई उम्मीद

मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, हमने अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई पर ध्यान दिया है। जिसमें संदिग्ध की गिरफ्तारी और उसके खिलाफ लगाए गए ▶▶शेष पेज 7 पर

#### राइफल जाम हुई, घर भागा और पकड़ा गया

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी इलाके के पैलेटाइन गांव में रहता था। अपने घर से वो करीब 65 किलोमीटर गाड़ी चलाकर मंदिर पहुंचा था। फिर जैसे ही पापोराकिस ने भारतीय मूल के लोगों पर सामूहिक रूप से गोलियां चलाने के लिए राइफल निकाली। वो जाम हो गई, घबराकर वह अपने घर की ओर भागा। जहां उसने इस घटना के बारे में कुछ मैसेज और तस्वीरों के जरिए अपने एक दोस्त को जानकारी दी। पापोराकिस के दोस्त ने पुलिस को इस बाबत सूचना दी और फिर उसे उसके घर से ▶▶शेष पेज 7 पर





एक निश्चित लाभ देनेवाला हेल्थ प्लान जो आपको भुगतान करता है, अस्पताल को नहीं – चिकित्सा के वास्तविक ख़र्चे चाहे जो भी हों।

प्रस्तुत है एलआईसी हेल्थ शील्ड
यूआईएन: 512N369V01 | प्लान नं.: 907
नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, हेल्थ, व्यक्तिगत, शुद्ध जोखिम प्लान

पॉलिसी के लाभ:
- एक व्यापक प्लान जो आपके संपूर्ण परिवार को कवर करता है
- निश्चित दैनिक हॉस्पिटल कैश लाभ
- गंभीर बीमारियों और शल्य चिकित्साओं के लिए एकमुश्त भुगतान
- मेडिकल बिलों से आगे जाकर आय का आधार
- दावा-मुक्त वर्षों के लिए वृद्धिशील लाभ

ऑनलाइन भी उपलब्ध है

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए और My LIC App डाउनलोड करें | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर वर्तिक (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं
हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

थोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें। आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं। जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें। कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC/R1/2026-27/07/Hin

## खबर संक्षेप

### अलीपुर: दो हजार किलो से ज्यादा पटाखे जब्त

**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में दो वाहनों से 2,260 किलोग्राम पटाखे जब्त पकड़े गये हैं। इस सिलसिले में चार लोगों को पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पटाखों के सोर्स तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार 87 पार्सल और बक्सों में पैक किए गए पटाखों को दिल्ली में अलग-अलग इलाकों में लोगों को पहुंचाने के लिए कथित तौर पर पंजाब के कुराली से खरीदा गया था। त्योहारी सीजन से पहले राजधानी में पटाखों के परिवहन के बारे में मिली विशेष सूचना के बाद यह जब्ती की गई। राजधानी में पटाखों पर प्रतिबंध है। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान अलीपुर में एक ट्रक और एक पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई जहां ट्रक से 1,350 किलोग्राम और पिकअप वाहन से 910 किलोग्राम पटाखे बरामद हुए। पकड़े गये लोगों के नाम ट्रक चालक लवकुश (24), उसके सहायक विकास उर्फ बी के (18), पिकअप वाहन चालक चंदन कुमार भगत (35) और उसके सहायक राजा यादव (19) बताये गये हैं। सभी दिल्ली के रहने वाले हैं।

### पांच करोड़ की रंगदारी के लिये फायरिंग केस में पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के नजफगढ़ में पिछले महीने एक मेडिकल शॉप पर हुई फायरिंग की घटना में संलिप्त छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को संदेह है कि यह हमला गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू से जुड़ी पांच करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग को लेकर किया गया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने 19 सितंबर को 'भावना मेडिकोज' पर गोलीबारी की घटना को अंजाम देने में अलग अलग भूमिकाएं निभाई थी। आरोपियों के नाम आशिव राठी उर्फ आशू (24), मंजीत (30), हरि प्रकाश उर्फ काला (42), ज्योति प्रकाश उर्फ ज्योति उर्फ बाबा (35), राहुल (31) और साहिल उर्फ पंटू (28) बताये गये। वे दिल्ली और हरियाणा के रहने वाले हैं।

### अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल और ठगी में शामिल चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने मेवात के एक साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इन पर अश्लील वीडियो कॉल के जरिए लोगों को ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने का आरोप है। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को एक गुरुद्वारे के सेवादार को अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर 14.63 लाख रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया था। डीसीपी निहारिका भट्ट के अनुसार आरोपियों के नाम राजस्थान के डीग जिले के जुर्हेरा निवासी इमरान खान (28), पंजाब के लुधियाना निवासी समद खान (32) और तसलीम राजा (32) तथा राजस्थान के अलवर निवासी अंकित सेन पता चले। जांच में यह भी पता चला कि इमरान इस गिरोह का प्रमुख सदस्य है और समद खान एवं तसलीम राजा ऑनलाइन गेम 'पबजी' के जरिए उसके संपर्क में आए थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने शिकायतकर्ता मनजीत सिंह को व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल की और उस पर अश्लील वीडियो चला दी। उन्होंने दूसरे फोन से कॉल की रिकॉर्डिंग भी कर ली।

### सीएम ने सीटी स्कैन और तीन एमआरआई मशीनों का किया शुभारंभ

# 'विश्वस्तरीय जांच सुविधाओं से लैस हुआ लोकनायक अस्पताल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में अब विश्वस्तरीय जांच सुविधाओं की सुविधा हो गई है। इसके चलते अब यहां अस्पताल में गंभीर बीमारियों की समय पर और सटीक पहचान सुनिश्चित होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत गुरुवार को लोकनायक अस्पताल में अत्याधुनिक ड्यूल सोर्स 256-स्लाइस सीटी स्कैन मशीन और तीन अत्याधुनिक एमआरआई मशीन के शुभारंभ पर यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी या किसी अन्य कठिनाई के कारण कोई भी नागरिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा से वंचित नहीं रहेगा। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं पर पिछली सरकार ने ध्यान नहीं दिया और अब हमारी सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि ये दोनों मशीनें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष अरविंदर सिंह साहनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इन अत्याधुनिक मशीनों से दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में विश्वस्तरीय जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे इमरजेंसी, हृदय रोग, कैंसर, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, हड्डियों और बच्चों से जुड़ी बीमारियों की जांच की क्षमता बढ़ेगी। स्ट्रोक, कैंसर, लिवर और प्रोस्टेट संबंधी बीमारियों सहित मांसपेशियों व हड्डियों से जुड़ी समस्याओं की समय पर और सटीक पहचान में मदद मिलेगी।

#### 'स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोकनायक अस्पताल में पहले शुरू की गई स्वास्थ्य सुविधाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां माताओं और नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल के लिए लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट स्थापित की गई है, जो मिल्क बैंक के रूप में कार्य कर रही है। इसके अलावा, अस्पताल में एनएटी मशीन उपलब्ध कराई गई है, जिससे एचआईवी और हेपेटाइटिस की जांच लगभग 48 घंटे में की जा सकती है। यह तकनीक रक्त की जांच को अधिक प्रभावी बनाने और सुरक्षित ब्लड डोनेशन प्रक्रिया को मजबूत करने में भी सहायक है। अस्पताल में दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष वार्ड भी विकसित किया गया है, जहां उन्हें आवश्यक उपचार और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### 'खंडित मूर्तियों के सम्मानजनक संग्रहण के लिए 250 कियोस्क होंगे स्थापित'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार आस्था और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलेगी और खंडित मूर्तियों के सम्मानजनक संग्रहण के लिए कियोस्क स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरूवार को यह जानकारी दी। सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली में धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण को एक-दूसरे का पूरक बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की पहल पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और प्लास्टइंडिया फाउंडेशन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दोनों पक्षों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन जयभगवान यादव, निगम आयुक्त संजीव खिरवार और संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत पहले चरण में निगम के विभिन्न वार्डों में 250 मूर्ति संग्रहण कियोस्क स्थापित किए जाएंगे। नागरिक इनमें धार्मिक अनुष्ठानों के बाद खंडित मूर्तियों और उनसे संबंधित पूजा-सामग्री को सम्मानपूर्वक जमा कर सकेंगे। इसके बाद एकत्रित सामग्री का उचित प्रबंधन, पृथक्करण और पुनर्चक्रण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य मूर्तियों और पूजा-सामग्री को सार्वजनिक स्थानों, सड़कों तथा जल निकायों में अनियंत्रित रूप से फेंकने या विसर्जित करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना है। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मूर्ति संग्रहण केंद्रों की व्यवस्था धार्मिक सामग्री के उचित प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नागरिकों को खंडित मूर्तियों और पूजा-सामग्री को सम्मानपूर्वक जमा करने के लिए निर्धारित स्थान मिलेंगे और सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी सामग्री के बिखराव को रोकने में मदद मिलेगी।

### कनॉट प्लेस का सेंट्रल पार्क 16 और 17 अक्टूबर को रहेगा बंद

नई दिल्ली। कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क 16 और 17 अक्टूबर को आम जनता के लिए बंद रहेगा। इस संबंध में गुरुवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक नोटिस जारी कर दिया है। एनडीएमसी द्वारा जारी इस नोटिस के अनुसार, प्रशासनिक कारणों के चलते सेंट्रल पार्क आम जनता के लिए दो दिनों तक पूरी तरह बंद रहेगा। एनडीएमसी के निदेशक द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026 और शनिवार, 17 अक्टूबर 2026 को पार्क में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजीव गुप्ता पुत्रः गौरी शंकर गुप्ता पताः 459–बी/2–ए, शालीमार पार्क पीला मंदिर के सामने, शाहदरा, दिल्ली –110032** ने **CT Case No. 2404/2020 U/s 138 NI Act, थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Case No. 2404/2020 U/s 138 NI Act, थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजीव गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 17.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 3, दूसरी मंजिल, पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13602/SHD/2026 (Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2) (i) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रवीण पुत्रः** स्व. कालीचरण, **निवासः** म.नं. 627, D-2 ब्लॉक, न्यू राजीव कॉलोनी, मदरसे वाली गली, भलस्वा डेयरी, दिल्ली ने **FIR No. 206/19 U/s 380/411/34 IPC., थानाः बुराडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रवीण** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रवीण** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 206/19 U/s 380/411/34 IPC., थानाः बुराडी, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **प्रवीण** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पायल सिंगल
जेएमएफसी-09, कमरा नं. 286
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14615/N/2026
(Court Notice)


## मुख्यमंत्री ने महिलाओं को वितरित की पोषण किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली महिला आयोग द्वारा श्रमिक महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए गुरुवार को निर्माण विहार स्थित पीएसके में कर्मयोगिनी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर और दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष लता के गुप्ता से श्रमिक महिलाओं को पोषण किट वितरित कीं। इस दौरान डीसीडब्ल्यू की सदस्य लता सोढ़ी, मालती वर्मा, शनरिका वर्मा एवं रेनू भल्ला भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली के विकास में योगदान देने वाली महिला श्रमिकों को सम्मान देना और उन्हें स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, सुरक्षित कार्यस्थल और महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर जोर दिया गया। साथ ही, महिलाओं को सरकारी योजनाओं और उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर महिला श्रमिकों के योगदान को सराहते हुए रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के विकास में महिला श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके परिश्रम का सम्मान करना और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण का ध्यान रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### यादव का किसी ने ऑनलाइन भर दिया फार्म 8, जांच की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव का किसी ने एसआईआर के दौरान ऑनलाइन फॉर्म 8 भर दिया, जबकि उन्होंने ना तो खुद यह फॉर्म भरा और ना ही किसी को फॉर्म भरने के लिए अधिकृत किया था। इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। यह मांग गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली कार्यालय द्वारा बुलाई गई बैठक में दिल्ली कांग्रेस की ओर से बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग एवं लीगल डिपार्टमेंट के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार ने की। बैठक में एडवोकेट सुनील कुमार ने कहा कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के मामले की शिकायत दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस में 6 अक्टूबर 2026 को दे दी गई थी परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस प्रकरण की विस्तृत जांच करके दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। वहीं बैठक में ड्राफ्ट सूची में पात्र मतदाताओं के नाम काटे जाने पर आपत्ति जताते हुए राजेश गर्ग ने कहा कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं, जिन्होंने बाकायदा एन्युमरेशन फार्म भरा था और जिन्हें संबंधित बीएलओ ने हस्ताक्षर करके रिसीविंग भी दी थी। ये मतदाता आज भी अपने पुराने पते पर निवास कर रहे हैं, इसके बावजूद उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

### पत्नी की चाकू मारकर हत्या के बाद पति फरार

नई दिल्ली। निहाल विहार में एक शख्स ने अपनी पत्नी पर चाकुओं से हमला कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला कि दंपति के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। आरोपी पति फिलहाल फरार चल रहा है। पुलिस के अनुसार बुधवार को रात 12:10 बजे, नांगलोई के मनसा राम अस्पताल से सूचना मिली कि रूबी (32) नाम की एक महिला को उसके परिजन मृत अवस्था में अस्पताल लाए हैं। उसे मकान नंबर जी-8, 51/19, लक्ष्मी पार्क, निहाल विहार से लाया गया था और उसके शरीर पर चाकू के जख्म के निशान हैं। पुलिस अस्पताल पहुंची तो शुरुआती जांच से पता चला है कि मृतका रूबी और उसका पति विकास, अपने 10 साल के बेटे रोहित के साथ पिछले एक महीने से लक्ष्मी पार्क में किराए पर रह रहे थे। मृतका रूबी के ससुराल वाले उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के लोधा थाना क्षेत्र के मादर गांव में रहते हैं। पति-पत्नी के बीच कोई पारिवारिक विवाद चल रहा था। कल रात दोनों पति-पत्नी अपने घर पर ही थे। आशंका है कि विकास ने किसी पारिवारिक मुद्दे को लेकर अपनी पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और वहां से भाग गया। इस संबंध में निहाल विहार थाने में धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। मृतका का पोस्टमार्टम मंगोलपुरी के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है। विकास को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।


**कार्यालय : जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम**

**नीलामी सूचना**

दिए गए कार्यक्रम अनुसार जो जहां है-जैसा है के आधार पर जर्जर भवन/कमरों को तोडने, सल्वेजड मैटीरियल को अधिकार में लाने सहित मौजूदा ढांचे की डिसमंटलिंग सामग्री की स्थल से सफाई के उद्देश्य हेतु खण्ड गुरुग्राम जिला गुरुग्राम में निम्नलिखित पुरानी व असुरक्षित ईमारतों/कमरों की नीलामी

| Sr. No. | Block | Name of School | Name of Village | No. of Rooms/ Building | Estimate Cost | नीलामी की तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sohna | GBPS Kherla | Kherla | 01 Room | 13500/- | 28/10/2026 11-00 AM, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोहना |
| 2 | Sohna | GGPS Kherla | Kherla | 1 Hall 2 Store Rooms 2 Toilet | 33100/- | |
| 3 | Sohna | GPS Nai Nanlga | Nai Nanlga | 01 Room | 19800/- | |
| 4 | Sohna | GPS Baruda | Baruda | 01 Room | 13500/- | |
| 5 | Sohna | GPS Johalka | Baruda | 01 Room | 13700/- | |
| 6 | Sohna | GPS Bilhaka | Bilhaka | 03 Rooms | 28900/- | |
| 7 | Sohna | GPS Ratanpur Dhani | Ratanpur Dhani | 01 Room | 14900/- | |
| 8 | Sohna | GPS Palra | Palra | 02 Rooms | 19000/- | |

प्रत्येक बोलीदाता को अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंकड्राफ्ट के रुप में 25000/- की राशि बोली के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए जमा करवानी होगी जो बोली दाता को छोड़कर नीलामी की समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।

1 सफल बोलीदाता को बोली राशि 100 प्रतिशत हथोडा गिरते ही जमा करवानी होगी। असफल रहने पर जमा करवाई गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
2 सफल बोलीदाता को कुल बोली का 10 प्रतिशत जमानत के तौर पर अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में ड्राफ्ट के रुप में जमा करवानी होगी जो कार्य समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
3 ईमारत अनुमोदन जारी के एक माह में ईमारत तोड़ी जानी चाहिए तथा स्थल मलबा रहित होना चाहिए जिसके असफल रहने पर शेष साल्वेज्ड पर सरकार द्वारा कब्जा ले लिया जाएगा।
4 पार्टियों के मध्य किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार गुरुग्राम रहेगा।
5 अगर अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण डिसमेंटलिंग के लिए ईमारत का कब्जा समय में नहीं दिया है तो ठेकेदार को काई राहत नही दी जाएगी। केवल समय बढाया जाएगा।

नोटः- बोली दाता बोली व नीलामी होने से पहले स्थल (विद्यालयों की असुरक्षित ईमारतो/कमरों) को देख सकते है।

हस्ता/-जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी
गुरुग्राम।

पीआरडीएच-1132/11/222/2027/50246/88/7 दि. 15.10.26


## बुजुर्ग से ठगी करने वाले तांत्रिक समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा पुलिस ने जमीन में दफन पुश्तैनी सोना निकालने के बहाने 79 वर्षीय बुजुर्ग से ठगी करने और उनके घर से करीब 15 लाख रुपये के सोने के गहने चोरी करने के आरोप में एक फर्जी तांत्रिक और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के नाम मुजफ्फरनगर निवासी तहसीन उर्फ कृष्णा शर्मा उर्फ कृष्णा पंडित (48), मयूर विहार निवासी शोएब अली (40) और पश्चिम बंगाल के रहने वाले महाकादर खान (48) बताये गये हैं। डीसीपी शाहदरा राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार सीमापुरी थाने में यह मामला पीड़ित गिरिजेश सिंह (79) की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि शोएब अली और महाकादर खान ने उन्हें एक तांत्रिक से मिलवाया था। आरोपियों ने असली सोने का सिक्का दिखाकर उनका विश्वास जीता और फिर अनुष्ठान के नाम पर उनसे नकद एवं यूपीआई के जरिए करीब 39 हजार रुपये ले लिए। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद चार अगस्त की रात आरोपियों ने बुजुर्ग के घर पर मिट्टी के बर्तनों और नकली सोने के बिस्कुटों का इस्तेमाल कर अनुष्ठान करने का नाटक किया। इस दौरान आरोपियों ने बुजुर्ग को कोई नशीला पदार्थ खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गए। होश आने पर उन्हें अपनी अलमारी से करीब 15 लाख रुपये के सोने के जेवर गायब मिले। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान मुख्य आरोपी तहसीन को मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया गया। वह 'कृष्णा शर्मा' नाम से फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल कर खुद को तांत्रिक बताता था। आरोपी की निशानदेही पर 2,73,000 रुपये नकद, एक कार, तांत्रिक की पोशाक, 11 अंगूठी, दो आधार कार्ड तहसीन और कृष्णा शर्मा के नाम पर, एक पैन कार्ड, एक एटीएम कार्ड और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

- पुश्तैनी सोना निकालने का झांसा देकर लगाया चूना

### तिहाड़ जेल से शुरू हुई रंजिश में मर्डर

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में बुधवार रात एक 23 वर्षीय युवक की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शाहीन बाग के अबुल फजल एन्क्लेव निवासी शाहिद हुसैन के रूप में हुई है, जो पुलिस रिकॉर्ड में पहले से ही 'बेड कैरेक्टर' (बीसी) के रूप में दर्ज था। पुलिस के अनुसार, यह वारदात बुधवार की रात श्रीराम चौक के पास हुई। शाहिद जब अपनी स्कूटी से जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल सवार चार बदमाशों ने उसे घेर लिया। हमलावरों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किए और मौके से फरार हो गए। लहूलुहान हालत में शाहिद को तुरंत अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड के पीछे तिहाड़ जेल में हुई पुरानी रंजिश थी।

### कई स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले

नई दिल्ली। स्कूलों को ईमेल भेजकर बम की धमकी देने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। गुरुवार को भी कई स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले, जिसके बाद पुलिस व अन्य एजेंसियों ने स्कूल परिसरों में गहन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने स्कूल परिसरों की घंटों जांच की और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। ईमेल भेजने वालों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### 16 अक्टूबर को सीजेपी के प्रदर्शन से पहले सुरक्षा हुई कड़ी

नई दिल्ली। सीजेपी के शुक्रवार को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले राजधानी के कनॉट प्लेस और जंतर-मंतर के आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ अर्धसैनिक बलों की कई कंपनियां तैनात की गई हैं। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार शाम पांच बजे कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में लहरा दो तिरंगा के तहत विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस रणनीतिक स्थानों पर कर्मियों को तैनात कर रही है। इसके लिये कई जगहों पर बैरिकेड लगाने का कार्य शुरू हो गया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रदर्शनकारियों व यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित करने के उपायों पर सीनियर अधिकारी विचार विमर्श कर रहे हैं।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों के प्लेटफॉर्मों में अस्थायी बदलाव**

सर्व सबंधित को सूचित किया जाता है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों के प्लेटफॉर्म में दिनांक 16.10.2026 से 17.11.2026 तक निम्नानुसार अस्थायी बदलाव करने का निर्णय लिया है:—

**रेलगाड़ियों की सूची जिनके प्लेटफॉर्म में निम्नलिखित बदलाव किया जायेगा**

| रेलगाड़ी संख्या | रेलगाड़ी का नाम | आगमन समय | प्रस्थान समय | वर्तमान प्लेटफॉर्म | संशोधित प्लेटफॉर्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 12562 | नई दिल्ली – जयनगर | — | 21:15 | 13 | 01 |
| 12561 | जयनगर – नई दिल्ली | 15:45 | --- | 12 | 07 |
| 12046 | चंडीगढ़ – नई दिल्ली | 15:20 | --- | 02 | 01 |
| 15306 | रोहतक जं. – नई दिल्ली | 15:45 | --- | 07 | 02 |
| 19566 | देहरादून – ओखा | 13:10 | 13:25 | 01 | 04 |
| 12472/74/76/78 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – बांद्रा टर्मिनस/गांधीधाम जं./हापा / जामनगर | 21:25 | 21:40 | 01 | 08 |
| 12392 | नई दिल्ली – राजगीर | --- | 13:10 | 08 | 01 |
| 22435 | वाराणसी जं. – नई दिल्ली | 23:00 | --- | 16 | 06 |
| 64441/64410 | गाज़ियाबाद – नई दिल्ली – गाज़ियाबाद | 18:10 | 18:30 | 14 | 12 |
| 54473 | दिल्ली जं. – सहारनुपर जं | 18:40 | 18:45 | 15 | 6 |
| 64409/64076 | गाज़ियाबाद – नई दिल्ली – पलवल | 23:45 | 00:15 | 08 | 09 |
| 64016 | शकूरबस्ती – पलवल | 15:08 | 15:10 | 01 | 04 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## भारी बारिश से दिल्ली में बदला मौसम जलभराव से यातायात हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- अधिकतम तापमान लुढ़ककर 28 .3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ

दिल्ली में अचानक बदले मौसम व तेज हवा के साथ आई भारी बारिश से मौसम बदल गया। जहां एक तरफ सुहावना हुआ वही दूसरी तरफ भारी बारिश के चलते दिल्ली के कई हिस्सों में जलभराव से जगह जगह यातायात जाम के हालात पैदा होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की थी। मौसम विभाग के अनुसार शाम साढ़े पांच बजे तक सफदरजंग में 15.9 मिमी बारिश दर्ज की जबकि। दिल्ली में सबसे ज्यादा बारिश रिज एरिया में 25.2 राजघाट में 23.2 और लोधी रोड में 20 मिमी बारिश दर्ज की। भारी बारिश के चलते तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग ने बताया कि अधिकतम तापमान लुढ़ककर 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे है। वहीं न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे है। सुबह से दिल्ली में मौसम ठीक था, लेकिन बाद में अचानक आसमान पर काले बादलों का जमावड़ा घिर आया। हवा 50-60 किमी प्रतिघंटा की गति से चलने लगी और फिर झमाझम बारिश शुरू हो गई। बीच बीच में दो तीन बार बारिश रूकी और फिर बादल बरसने लगे। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि शुक्रवार को भी बारिश देखने को मिल सकती है।

### नागरिकों की सुविधा के लिए दिल्ली का कोना-कोना होगा रोशन : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। महिलाओं की सुरक्षा और नागरिकों की सुविधा के लिए दिल्ली का कोना-कोना रोशन होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक लाख स्मार्ट एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाने की परियोजना के शुभारंभ के मौके पर यह बात कही। उन्होंने बताया कि छात्राओं के संवाद से 'डार्क स्पॉट्स' की समस्या सामने और इस पर दिल्ली सरकार ने संज्ञान लिया है। मुख्ययंमत्री ने बताया कि एंड्रयूजगंज बस स्टॉप से शुरू हुई इस पहल के तहत दिल्ली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया जाएगा। इस अवसर पर नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, विधायक सतीश उपाध्याय, शिखा राय, अनिल शर्मा, नीरज बसोया सहित सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि स्मार्ट स्ट्रीट लाइटों से दिल्ली की सुरक्षा और सड़कों पर बेहतर दृश्यता बढ़ेगी।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAM6448-YOM- NA

2) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAL5144 -YOM 2023

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJ

उत्तराखण्ड शासन



देवभूमि उत्तराखण्ड



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

"माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड

संकल्प से शिखर तक

## सेवा - सुशासन - समर्पण

### रोजगार

- सख्त नकल विरोधी कानून: पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, एक से अधिक विभागों में चयन, बीते 5 वर्षों में 33,000+ युवाओं को सरकारी नौकरी।
- मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना: बजट रुपये 75 लाख से बढ़ाकर रुपये 3.3 करोड़, 147 बच्चों को विदेशी भाषा का प्रशिक्षण, 92 को विदेशों में रोजगार।
- एमएसएमई में रोजगार पाने वालों की संख्या 2022 में 3,43,922 से बढ़कर 2025 में 4,56,605 हुई।
- अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में 10% क्षैतिज आरक्षण: समूह 'ग' की वर्दीधारी सेवाओं में सीधी भर्ती पर लागू।
- देवभूमि उद्यमिता विकास योजना: 300+ छात्रों ने स्थापित किए उद्यम, लगभग 1200 छात्रों का पंजीकरण गतिमान, 1541 छात्रों एवं अन्य को रोजगार।

### उद्योग

- ₹ 1.00 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की ग्राउंडिंग से विकास को नई गति: ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में ₹ 3.56 करोड़ के निवेश समझौते। ₹ 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की सफल ग्राउंडिंग।
- उद्योगों के लिए 6,000 एकड़ से अधिक अतिरिक्त लैंड बैंक विकसित।
- प्रदेश में 96,400 से अधिक एमएसएमई इकाइयाँ सक्रिय।
- एमएसएमई क्षेत्र में 4.70 लाख से अधिक रोजगार सृजित।
- राज्य में 1,750 से अधिक स्टार्टअप स्थापित।
- States Startup Ecosystem Ranking में उत्तराखण्ड को "लीडर" राज्य का दर्जा।
- प्रदेश में 10,509 होटल एवं अन्य स्टे, 6000 से अधिक होमस्टे पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को दे रहे मजबूती।
- राज्य में 128 बड़े उद्योग संचालित।

### शिक्षा

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखण्ड।
- पी.एम.श्री योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में राज्य के 141 विद्यालयों, द्वितीय चरण में 84 विद्यालयों को चयनित किया गया।
- राज्य में 500 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में वर्चुअल कक्षायें संचालित की जा रही हैं।
- राज्य में शासकीय एवं अशासकीय डिग्री कॉलेजों की कुल संख्या वर्ष 2025 तक बढ़कर 139 हो गई है।
- राज्य में इंजीनियरिंग कॉलेज (गवर्नमेंट एवं प्राइवेट) की कुल संख्या वर्ष 2025 तक बढ़कर 52 हुई।
- माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत राज्य के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1-12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी जा रही हैं।

### स्वास्थ्य

- किच्छा में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य जारी। अब तक 85 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण।
- एम्स किच्छा में 250 बेड, 10 ओ.टी., 30 आईसीयू बेड, डायग्नोसेस एंड लैब, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, जनरल सर्जरी, ऑर्थो, जनरल मेडिसिन, पेडियाट्रिक्स, इमरजेंसी एंड ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य जारी।
- अटल आयुष्मान योजना के अन्तर्गत राज्य में बनाये गए 61 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड।
- अटल आयुष्मान योजना के तहत अब तक 17 लाख से अधिक मरीजों को 3400 करोड़ रुपये से अधिक के कैशलेस उपचार का मिला लाभ।
- हेली एंबुलेंस सेवा से राज्य के प्रत्येक क्षेत्र को किया आच्छादित।
- राज्य में 207 प्रकार की पैथोलॉजी जांच एकदम मुफ्त।
- राज्य के प्रत्येक जिलें में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित। जिसमें वर्तमान में 5 कॉलेज संचालित हैं एवं 2 अन्य कॉलेज का निर्माण।
- देहरादून, हल्द्वानी, श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशलिटी।
- हरिद्वार में नवनिर्मित चाईल्ड एंड मदर केयर हॉस्पिटल का संचालन।
- सीमांत क्षेत्र चंपावत में आईसीयू वेंटिलेटर डायलिसिस व क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना।




### कनेक्टिविटी

- दिल्ली-देहरादून 210 कि.मी. इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण, जिसमें एशिया का सबसे लंबा 12 कि.मी. वाइल्डलाइफ कॉरिडोर शामिल।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर।
- टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना के सर्वेक्षण को स्वीकृति।
- राज्य में सड़क नेटवर्क का विस्तार होकर 51,728 कि.मी. तक पहुंचा।
- ऑल वेदर रोड परियोजना से चारधाम एवं सीमांत क्षेत्रों की निर्बाध कनेक्टिविटी।
- देहरादून एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल, देश के प्रमुख शहरों से नियमित उड़ानें। 13 नए हेलीपोर्ट निर्माणाधीन।
- सोनप्रयाग-केदारनाथ (12.9 कि.मी.) एवं गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब (12.4 कि.मी.) रोपवे परियोजनाओं का शुभारम्भ।

### महिला सशक्तिकरण

- राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू।
- सहकारी प्रबंध समितियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था हुई सुनिश्चित।
- राज्य में मुख्यमंत्री स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के तहत समूहों को ₹5 लाख तक ब्याज मुक्त ऋण।
- लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश में 2 लाख 54 हजार से अधिक महिलाएं बनी लखपति दीदी।
- राज्य में मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के तहत महिलाओं को प्रसव के बाद दी जा रही आवश्यक सामग्री।
- उत्तराखण्ड में द्वितीय विश्व युद्ध की वीर वीरांगनाओं की पेंशन में की गई वृद्धि।
- नंदा गौरा योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा बालिका के जन्म पर ₹11 हजार और बेटी के 12वीं पास करने पर उच्च शिक्षा के लिए ₹51 हजार की धनराशि।

### युवा कल्याण

- नई खेल नीति के तहत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी में समायोजित करने का ऐतिहासिक फैसला।
- राज्य के खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता 250 रुपए से बढ़ाकर भारतीय खेल प्राधिकरण की भांति 480 रुपए प्रतिदिन, प्रति खिलाड़ी किया गया।
- मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत 8 से 14 वर्ष के प्रदेश में करीब 3900 उभरते खिलाड़ियों को दी जा रही 1500 रुपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं (जैसे ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि) में पदक जीतने वाले या भाग लेने वाले खिलाड़ियों को राजकीय सेवाओं में 4 प्रतिशत खेल कोटे का मिलेगा लाभ।
- राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य केंद्रों में 60 पेटेंट सूचना केंद्र किये स्थापित।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## खबर संक्षेप

### एसी की आउटडोर यूनिट चोरी करने का आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** सेक्टर 7 स्थित एक क्लीनिक से एसी की आउटडोर यूनिट चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने एक आरोपी राहुल निवासी गांव जसराऊ जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल निवासी सेक्टर.10 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई आउटडोर यूनिट बेचकर प्राप्त रकम में से 15000 रुपये बरामद किए हैं। जिसको अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



### खाता से निकले 63500 रुपये, खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों द्वारा लोगों को नए-नए तरीकों से ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। साइबर थाना एनआईटी में एक युवक के पास फोन कर गलती से 300 रुपये भेजने का झांसा देकर साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगों ने युवक के बैंक खातों से कुल 63500 रुपये निकाल लिये। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए खाताधारक शिवांश वासी शारदा नगर, लखनऊ उप्र को गिरफ्तार किया है।



### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गौरव निवासी ग्रीन फिल्ड, फरीदाबाद द्वारा थाना सराय ख्वाजा में मोटरसाईकिल चोरी की शिकायत दी गई थी।



### पशु चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद ।** निवाड़ी पुलिस ने पशु चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया पशु भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मेरठ जिले के किशोर थाना क्षेत्र के अतलपुर गांव निवासी करन और शिवांक के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक एक व्यक्ति ने निवाड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका कटरा खेत में बुग्गी से बंधा हुआ था, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। 13 अक्टूबर को चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने गांव के एक खेत में बुग्गी से बंधा कटरा देखा और मौका पाकर चोरी कर लिया था। वे उसे बेचने की फिराक में थे, लेकिन चेकिंग के दौरान पकड़े गए।

# वांछित गो तस्कर शाहिद की एनकाउंटर में मौत एक युवती ने भी खुद को गोली मार दी जान

## थार गाड़ी में गो तस्करी का खुलासा, दो आरोपी फरार

कासिम खान ⏭ नूंह

थाना रोजका मेव की सीमा में गांव भीरावटी के नजदीक गुरुवार सुबह वांछित गोतस्कर शाहिद उर्फ आडवाणी की पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से मौत हो गई, जबकि दो उसके साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से थार गाड़ी, दो गोवंश, एक देसी बंदूक और कारतूस बरामद किए हैं। मामले की मजिस्ट्रेट जांच जारी है। पुलिस भी इस मामले में बयान देने से बच रही है। शाहिद की मौत के चंद घंटे बाद ही उसके गांव खड़खड़ी, तावडू की ही एक लड़की ने खुद को गोली मारकर अपनी जान दे दी।

बताया जा रहा है कि युवती शाहिद की एनकाउंटर में मौत की खबर सुनने के बाद दुखी थी। युवती के पिता फिलहाल जेल में बताए गए हैं। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। दूसरी तरफ शाहिद के एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों और इलाके के लोगों ने मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। विरोध के चलते पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 4 बजे फिरोजपुर झिरका सीएस स्टाफ को सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी शाहिद एक थार गाड़ी में गोवंश भरकर ले जा रहा है। नूंह - गुरुग्राम सीमा के नजदीक पुलिस ने नाकाबंदी की। भिरावटी गांव के पास आरोपी ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की क्रॉस फायरिंग में उसे गोली लगी। घायल को सोहना के सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।



नूंह। भीड़ को समझाते अधिकारी। इनसेट में शाहिद का फाइल फोटो।

### 41 केस थे दर्ज

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 37 वर्षीय शाहिद उर्फ आडवाणी ने वर्ष 2005 में चोरी की वारदात से जुर्म की दुनिया में कदम रखा था। 10 -12 साल की उम्र में ही वह चोरी में पड़ गया था। नाबालिग अवस्था में ही उसे पुलिस की गोली लगी थी। पुलिस के मुताबिक उसके खिलाफ अब तक 41 मामलों का खुलासा हुआ है, जिनमें सबसे ज्यादा मामले गो तस्करी के हैं।

### अस्पताल में हंगामा और धरना

एनकाउंटर को लेकर कुछ ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए। इसको लेकर नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में हंगामा भी हुआ। परिजन धरने पर बैठ गए। सूचना पर तावडू डीएसपी अभिमन्यु लोहान और कुंवर आदित्य विक्रम एसडीएम नूंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि इस मामले में न्यायिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

## क्राउन ऑफ करेज 2026' के फाइनल में पहुंचीं गुरुग्राम की काजल गुप्ता

- एसिड अटैक सर्वाइवर कुंती सोनी को 'करेज ऑफ स्कार्स अवॉर्ड' से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



महिलाओं के आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित 'क्राउन ऑफ करेज 2026' में गुरुग्राम की काजल गुप्ता ने फाइनलिस्ट के रूप में अपनी जगह बनाई। लखनऊ के होटल हिल्टन गार्डन इन में डब्ल्यूसीई और वुमेनशाइन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से चयनित 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चार दिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को रैंप वॉक का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही विशेषज्ञों ने उन्हें स्वास्थ्य परामर्श, सौंदर्य सेवाओं और त्वचा की देखभाल से संबंधित सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम की संस्थापक अपर्णा मिश्रा की परिकल्पना से प्रेरित 'करेज वॉक' आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। इसके माध्यम से साहस और संघर्ष की भावना को सामने लाने का प्रयास किया गया। ग्रैंड फिनाले में एसिड अटैक सर्वाइवर कुंती सोनी को उनके साहस और संघर्ष के सम्मान में 'करेज ऑफ स्कार्स अवॉर्ड' प्रदान किया गया। समारोह में गौरव प्रकाश, डॉ. प्रभा श्रीवास्तव और सौभाग्यता दीक्षित विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## फरीदाबाद और गुरुग्राम में कूड़े के अंबार पर सरकार और स्वच्छता प्रेमी मौन क्यों: नरेश कुमार शास्त्री

- फरीदाबाद में कूड़ा निस्तारण संयंत्र लगाने में सरकार विफल, सत्ताधारी पार्षदों एवं विधायकों पर ही विरोध करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



फरीदाबाद। कूड़े प्वाईंट में लगे कूड़े के अंबार। फोटो : हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने फरीदाबाद और गुरुग्राम में लगे कूड़े के अंबार तथा चरमराई सफाई व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया कि औद्योगिक एवं मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में पहचान रखने वाले इन शहरों में लगभग चार से पांच हजार टन कूड़ा इक_ा हो गया है। नागरिक कूड़े के ढेरों और दुर्गन्ध के बीच जीवन बिताने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार स्थायी समाधान नहीं कर रही है। शास्त्री ने कहा कि फरीदाबाद में सरकार कूड़ा निस्तारण प्लांट तक स्थापित नहीं कर पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण एवं ऊर्जा उत्पादन संयंत्र का विरोध सत्ताधारी दल के पार्षद और विधायक ही कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि ही परियोजना के विरोध में खड़े हैं, तो सरकार शहर के कूड़े का निस्तारण कैसे सुनिश्चित करेगी, सरकार और उसके जनप्रतिनिधियों को जनता के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। शास्त्री ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की 37 दिन चली हड़ताल के दौरान सरकार और विभिन्न मंचों से शहरों में कूड़े के ढेर लगने, दुर्गन्ध और बीमारियां फैलने की चिंता जताई जा रही थी। अब हड़ताल समाप्त होने के बाद भी फरीदाबाद और गुरुग्राम में कूड़े के अंबार क्यों लगे हैं।

## मुरादनगर विधानसभा में एमएलसी स्नातक चुनाव की तैयारियां तेज, मतदान बढ़ाने का ब्लूप्रिंट तैयार

- पूर्व महापौर आशु वर्मा ने ली बैठक, मंडलवार मतदाता संपर्क और चुनाव प्रबंधन की रणनीति बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में एमएलसी स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व महापौर आशु वर्मा की अध्यक्षता में चुनावी बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडलवार मतदाता संपर्क अभियान, मतदान केंद्रों पर समन्वय और चुनाव प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में इंग्राहम इंटर कॉलेज राजनगर, हंस डिग्री कॉलेज मुरादनगर, रजापुर ब्लॉक कार्यालय, मोरटा तथा राजकीय पॉलिटेक्निक शास्त्री नगर स्थित मतदान केंद्रों पर मतदान बढ़ाने को लेकर विशेष चर्चा हुई। मुरादनगर शहर एवं देहात, जलालाबाद, मोदीनगर, डासना देहात, गोविंदपुरम, राजनगर और कविनगर मंडलों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाताओं तक पहुंचने की रणनीति बनाई गई। चुनावी तैयारियों को गति देने के लिए विधानसभा प्रभारी आशु वर्मा ने आरकेजीआईटी के प्रबंधक विपुल गोयल के साथ भी आवश्यक चुनावी आंकड़ों एवं सामग्री को लेकर चर्चा की। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि चुनाव में बेहतर परिणाम के लिए संगठन की सक्रियता, कार्यकर्ताओं का समन्वय और मतदाताओं से प्रभावी संपर्क आवश्यक है।

## गाजियाबाद में तालाब की जमीन पर कब्जे का मामला एनजीटी पहुंचा

**गाजियाबाद।** रसूलपुर सिखरोडा, मयूर विहार में तालाब की जमीन पर कथित कब्जे, प्लॉटिंग और निर्माण का मामला अब राष्ट्रीय हरित अधिकरण यानी एनजीटी, दिल्ली पहुंच गया है। हेल्प एशियन फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव चौधरी अफसर की याचिका पर 14 अक्टूबर 2026 को सुनवाई करते हुए एनजीटी ने संयुक्त जांच समिति गठित करने का आदेश दिया है। समिति को आठ सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। मामला खसरा संख्या 186 और 190 से जुड़ा है, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 0.737 हेक्टेयर यानी 7,370 वर्ग मीटर है। याचिका में दावा किया गया है कि ये जमीनें सरकारी राजस्व अभिलेखों में तालाब और जोहड़ के रूप में दर्ज हैं। संस्था के अनुसार, संबंधित भूमि का कुल रकबा लगभग 26 बीघे बताया जाता है, जिसकी वास्तविक स्थिति पुराने राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर जांची जाएगी। याचिका में तालाब की जमीन पर अतिक्रमण, प्लॉटिंग और स्थायी निर्माण के आरोप लगाए गए हैं। साथ ही, सरकारी अभिलेखों में कथित छेड़छाड़ और फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन पर कब्जा किए जाने की आशंका की जांच की मांग की गई है। संस्था की ओर से आजाद अली और उनकी टीम के कुछ अन्य लोगों की कथित भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं।




- संयुक्त जांच समिति गठित, आठ सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

## शाबाशी | मंदिरों में चढ़ाए गए फूल अब रोजगार के साथ सुगन्ध भी फैला रहे

महाशिवरात्रि पर विक्टोरा फाउंडेशन ने एमसीएफ के साथ शुरू की थी पहल

# विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन की पहल पर मंत्रमुग्ध हुए जर्मन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले फूलों और अन्य पूजन सामग्री को कचरे में फेंकने के बजाय उनसे उपयोगी उत्पाद तैयार करने की दिशा में विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन और नगर निगम फरीदाबाद की संयुक्त पहल सराहना बटोर रही है। इसी पहल को देखने और समझने के लिए जीआईजेड इंडिया के 11 सदस्यीय जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने फरीदाबाद स्थित फूल पुनर्चक्रण केंद्र का दौरा किया। विगत सात महीनों में फरीदाबाद के केवल 15 मंदिरों से लगभग 20 टन मंदिरों के कचरे को एकत्रित कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया गया है। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने फूलों के कचरे के संग्रहण, छंटाई, सुखाने, पाउडर बनाने और उनसे धूप, हवन सामग्री एवं प्राकृतिक गुलाल जैसे उपयोगी उत्पाद तैयार करने की प्रक्रिया को समझा। इसके साथ ही, शेष जैविक कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया की जानकारी भी ली।



फरीदाबाद। मंदिरों से एकत्र फूलों के पाउडर से तैयार धूप का निरीक्षण करते जर्मन प्रतिनिधि व नगर निगम कमिशर यशेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### आयुक्त ने प्रयास की सराहना की

नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त यशेंद्र सिंह ने भी विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन के साथ मिलकर किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने फूलों के कचरे के उचित प्रबंधन और उससे उपयोगी उत्पाद तैयार करने की पहल को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने यह भी कहा कि फरीदाबाद के सभी मंदिरों को इस अभियान से जोडकर इसे आगे बढ़ाया जाएगा। विक्टोरा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन के अध्यक्ष सरदार एस.एस. बांगा ने प्रतिनिधिमंडल के दौरे और इस पहल के उत्साहवर्धन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक संस्था या संगठन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज, उद्योग, प्रशासन और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव जैसी गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है। इनसे निपटने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, नगर निगम सलाहकार इंद्रजीत कुलेडिया, कार्यकारी अभियंता मनदीप सिंह और एसबीएस एक्सपर्ट कल्पना मंडल, फाउण्डेशन की वाईस प्रेजिडेंट दमन बांगा, सीएसआर हेड सरोज कुमार सहित अन्य अधिकारी भी विभिन्न स्थलों के निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

### चाकू और डंडे से हमला, नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना आदर्श नगर क्षेत्र की अनाज मंडी में एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला करने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित दो को काबू किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयोग किया गया चाकू व डंडा भी बरामद किया है। आरोपी विशाल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है, जबकि अपचारी बालक को बाल सुधार गृह भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार भूपेंद्र निवासी आदर्श नगर, बल्लभगढ़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 अक्टूबर की रात करीब 11:30 बजे वह दिल्ली-मथुरा रोड से अनाज मंडी बल्लभगढ़ होते हुए अपने घर जा रहा था। इसी दौरान उसे अनाज मंडी में आशीष नाम का एक युवक खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। युवक के कूल्हे, छाती व माथे पर धारदार हथियार से चोटों के निशान थे।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बैटरी अनुसंधान और औद्योगिक जरूरतों के बीच समन्वय पर जोर



**फरीदाबाद।** मानव रचना विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज के तत्वावधान में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2026 (इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ऊर्जा मैटेरियल्स एंड रिचार्जेबल बैटरीज) तथा साइंस एंड टेक्नोलॉजी में प्रगति पर सैटेलाइट संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, उद्योग प्रतिनिधियों और नीति-निर्माताओं ने उन्नत ऊर्जा भंडारण, स्वच्छ ऊर्जा और कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस.कृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने में बैटरी भंडारण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## एक नम्बर मार्केट में लगी आग, कपड़ों के शोरूम समेत 4 दुकानें जलीं



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की एनआईटी नंबर-1 मार्केट में बुधवार देर रात कपड़ों के शोरूम में लगी आग ने आसपास की दुकानों को भी चपेट में ले लिया। हादसे में चार बड़ी दुकानों में रखा लाखों रुपए का कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख हो गया। फायर विभाग की कई गाडियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसारए एनआईटी नंबर.1 मार्केट में देर रात एक कपड़े के शोरूम में अचानक आग लग गई। उस समय आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया था। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की दुकानों तक फैल गई।

## इस पंडाल में बैठे हर बच्चे की मुराद पूरी करें माता रानी: मेयर प्रवीण जोशी



**फरीदाबाद।** विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित नवरात्रि संस्कार महोत्सव में पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा में फरीदाबाद की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने शिरकत की। स्कूल परिसर में नवरात्रि के अवसर पर भव्य रूप से आयोजित धार्मिक कार्यक्रम की उन्होंने भरपूर प्रशंसा की। इस अवसर पर मेयर ने माता रानी से प्रार्थना करते हुए कहा कि इस स्कूल परिसर में प्रतिदिन पूजा.अर्चना में शामिल होने वाले प्रत्येक बच्चे की मुराद पूरी हो तथा माता रानी सभी बच्चों पर अपनी कृपा और आशीर्वाद बनाए रखें। उनकी इस भावपूर्ण कामना ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

## ओडिशा से ट्रेन के जरिए गांजा तस्करी कर फरीदाबाद पहुंचे, तीन महिलाओं सहित 6 काबू



**फरीदाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर.16 की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 14-15 अक्टूबर की रात्रि ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन रोड से गांजा तस्करी के मामले में तीन महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन बैग में रखा करीब 35 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि ओडिशा से गांजा लेकर ट्रेन के जरिए फरीदाबाद पहुंचे थे और इसकी सप्लाई पलवल तथा नोएडा में की जानी थी।

## रालोद की गाजियाबाद की मासिक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की तैयारी



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद की मासिक बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह के आगमन एवं स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। चौधरी तेजपाल सिंह एवं अमरजीत सिंह बिट्ठी ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में अपने-अपने साधनों से पहुँचें। जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जी का भव्य स्वागत कार्यक्रम दिनांक 19 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे वेव सिटी के पास स्थित क्लश फार्म हाउस पर आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रामपाल चौधरी ने की तथा संचालन संयुक्त रूप से चौधरी अरुण भूल्लन एवं विनोद गौतम जी (जिला उपाध्यक्ष) ने किया।

## मानेसर के फोर्टिस में तीन उज्बेकी बच्चों का उन्नत तकनीक से इलाज, मिर्गी के दौरों में आया सुधार



**गुरुग्राम।** मानेसर स्थित फोर्टिस अस्पताल में दवाओं के बावजूद मिर्गी के दौरों से जूझ रहे उज्बेकिस्तान के तीन बच्चों का उन्नत तकनीक से उपचार किया गया। अस्पताल की न्यूरोसर्जरी टीम ने दो बच्चों में वेगस नर्व स्टिमुलेशन (वीएनएस) डिवाइस प्रत्यारोपित की, जबकि तीसरे बच्चे की जटिल माइक्रोसर्जिकल ब्रेन सर्जरी की गई। अस्पताल के अनुसार, उपचार के बाद तीनों बच्चों में दौरों की आवृत्ति में सुधार देखा गया है। अस्पताल में तीन वर्षीय मुहम्मद जियो खोजाकुलोवा को रोजाना तीन से चार बार मिर्गी के दौरे पड़ते थे। विकास में देरी और बोलने में कठिनाई से जूझ रहे बच्चे के दौरों पर दवाओं से पर्याप्त नियंत्रण नहीं हो पा रहा था।

## 15 से 16 अक्टूबर तक आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी

**गाजियाबाद।** मौसम विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ ने जनपद में 15 अक्टूबर से आँधी-तूफान, ओलावृष्टि एवं वज्रपात के साथ संभावित व्यापक वर्षा का जोर आरम्भहोकर 16 अक्टूबर तक येलो अलर्ट जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। जिला प्रशासन ने ऐसी स्थिति से निपटने के लिए गाइडलाइंस जारी की है। जिसमे आम आ जनमानस सेअपील की गई है कि पुराने जर्जर भवनों, कच्ची दीवारों से सावधान रहें।साथ ही डियो/टेलीविजन / सोशल मीडिया के माध्यम से निरंतर जानकारी प्राप्त करते रहें। गाइडलाइन में कहा गया है कि अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। धातु की डंडी वाले छाते का उपयोग न करें। विद्युत तार/विद्युत पोल के नीचे अथवा आसपास न खड़े हों। निर्माण में प्रयोग किये जाने वाले टीन शैड आदि को मजबूती से बांधकर रखें तथा उनसे पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। आंधी-तूफान एवं ओलावृष्टि के दौरान यात्रा करने से बचें। इस दौरान पेडों आदि के नीचे शरण ना लें। खेतों में पहले से ही कटी फसल को सुरक्षित स्थान पर ढक कर रख लें। कृषक भारी वर्षा/ओलावृष्टि के दौरान खेतों पर न जाएं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि नाम: **फरजाना बेगम, निवासी: 2सी/252, लिंक रोड, वसुंधरा, मेवाड़ कॉलेज के पास, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201012 इसके अलावा: सी/ओ. इसरार अहमद, मकान नंबर 281, अर्थला मोहन नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरूद्ध **CC NI Act/3459/2023 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना सफदरजंग एन्क्लेव, दक्षिण-पश्चिम जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **फरजाना बेगम** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **फरजाना बेगम** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **CC NI Act/3459/2023 U/S 138 NI Act, थाना सफदरजंग एन्क्लेव, दक्षिण-पश्चिम जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **फरजाना बेगम** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 16.11.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री सिद्धांत कृष्ण सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई अधिनियम-09)
कोर्ट नंबर 24, ब्लॉक-II (दक्षिण)
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14724/SW/2026
(अदालती मामला)

उत्तराखण्ड शासन

# देवभूमि उत्तराखण्ड

# सेवा सुशासन समर्पण

## जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।**

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।**

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## विकास भी, विरासत भी

HOUSE OF HIMALAYAS

## स्थानीय उत्पाद, वैश्विक पहचान
## हाउस ऑफ हिमालयाज के साथ

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई हैं। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में आएंगे। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। मौजूदा समय में हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते हैं। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाएंगे। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखाएंगे। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरू की गई हैं। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरूआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।



### हाउस ऑफ हिमालयाज
**बेहतर गुणवत्ता**

**हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।**

### हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।

ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS
UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना: स्थानीय उत्पादों के साथ स्वरोजगार को बढ़ावा

**जिला : अल्मोड़ा**
बाल मिठाई

ट्वीड


**जिला : बागेश्वर**
ताम्र शिल्प उत्पाद

कीवी के उत्पाद


**जिला : चमोली**
गुलाब जल

हथकरघा के उत्पाद


**जिला : चम्पावत**
शहद

लोहे के उत्पाद


**जिला : देहरादून**
बेकरी उत्पाद

मशरूम के उत्पाद


**जिला : हरिद्वार**
शहद

जैगरी


**जिला : नैनीताल**
ऐपण हस्तशिल्प

फल प्रसंस्करण


**जिला : पौड़ी**
हर्बल मेडिसिन

लकड़ी शिल्प


**जिला : ऊधम सिंह नगर**
मैंथा ऑयल

मूंज ग्रास उत्पाद


**जिला : पिथौरागढ़**
मुन्स्यारी राजमा

ऊनी कालीन


**जिला : रुद्रप्रयाग**
चौलाई के उत्पाद

मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प


**जिला : उत्तरकाशी**
सेब के उत्पाद

लाल चावल


**जिला : टिहरी**
पनीर

टिहरी नथ


### पर्यटन अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए।

## जीआई टैग से बढ़ रहा, उत्तराखण्ड के उत्पादों का विश्वास

### उत्तराखण्ड के जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जी.आई.) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिह्न है जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

**जी.आई. उत्पाद उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जी.आई. टैग प्रदान किया गया है**

**उत्तराखण्ड का भोटिया दान**

यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

**उत्तराखण्ड थुलमा**

थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

**उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)**

उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रूपांकन बनाते हैं।

**उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी**

बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है।

**उत्तराखण्ड ऐपण**

ऐपण एक पारंपरिक लोककला है जो चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार होता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

**उत्तराखण्ड ताम्र उत्पाद**

उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियाँ जैसी विभिन्न वस्तुएँ बनाते हैं।

**चमोली लकड़ी का रामन मुखौटा**

रामन मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

**उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प**

रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएँ बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

**नैनीताल की मोमबत्ती**

उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियाँ अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रूपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

**कुमाऊँनी पिछौड़ा**

रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊँ क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

# विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

## बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



**दक्षिण भारत** के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



## हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

**कर्नाटक के** मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

## कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

**हिमाचल प्रदेश** के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



## 75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



**छत्तीसगढ़ के** बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

## डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

**गुजरात में** दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

# नींद खुली



छोटी कहानी
डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।



एआई इमेज

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

## प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले



**चिंटू** : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू**: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

**सोनी** : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
**पापा** : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
**सोनी** : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंद्रगढ़

**गप्पा** : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
**गोलू** : क्यों?
**गप्पा(हंसते हुए)** : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

## जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-226 का उत्तर :** 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

**जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले :** स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी
सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

# चुप्पी तोड़ें !

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'




एआई इमेज

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

'यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें।' *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *




**किताब:** पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



**उत्तर:** 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: B

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ सड़क हादसे में विधायक के भाई समेत तीन की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में सड़क हादसे में भारतीय जनता पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री के भाई समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जिले के जरहागांव थाना क्षेत्र के दशरंगपुर गांव में एक वाहन की टक्कर से मुंगेली के विधायक और पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले के भाई अधीर मोहले (60), बल्लू बघेल (55) और गंगाराम की मौत हो गई। जरहागांव के थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे दशरंगपुर गांव में विधायक पुन्नूलाल मोहले के ताऊ के बेटे अधीर मोहले, बल्लू बघेल और गंगाराम के साथ अपने घर के सामने टहल रहे थे।

### जाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने जाली नोट छापने और उनकी आपूर्ति करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.26 लाख रुपये से अधिक मूल्य के जाली नोट बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बृहस्पतिवार को बताया कि सूचना के आधार पर बुढ़ाना थाना क्षेत्र में शुभम, महेंद्र और टीनू को गिरफ्तार किया गया है तथा उनके कब्जे से पांच लाख 26 हजार 500 रुपये बरामद किये गये जो 500-500 रुपये के जाली नोट में थे। पुलिस ने नोट छापने में इस्तेमाल होने वाला एक प्रिंटर, लैपटॉप और अन्य उपकरण भी जब्त किए।

### लखनऊः 'नमो डिजिटल मंदिर' की शुरुआत

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित 'नमो डिजिटल मंदिर' की बृहस्पतिवार को लखनऊ में शुरुआत की गई। इस अवसर पर गाजियाबाद के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता ने मोदी के मंदिर के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये का चेक दान किया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 'नमो डिजिटल मंदिर' का शिलान्यास करने वाले डॉक्टर राजन सिंह बिहार सरकार के किन्नर कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से ही किन्नर समुदाय को लाभ मिला है और बिहार में पहली बार इस समुदाय के लोग पुलिस उप निरीक्षक तथा अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती हुए हैं इसलिए वह मोदी को भगवान के समान मानते हैं।

### छत्तीसगढ़ः आदिवासी को मिला कृत्रिम पैर

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में माओवादी विस्फोट की घटना में अपना पैर गंवा चुकी 20 वर्षीय मड़कम सुक्की के चेहरे पर खुशी की चमक है, क्योंकि अब वह कृत्रिम पैर के सहारे फिर से चल सकेगी। सुक्की को बृहस्पतिवार को दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कृत्रिम पैर (प्रोस्थेटिक लिम्ब) दिया गया। सुकमा के भीमपुरम गांव की रहने वाली सुक्की 26 मई 2024 की सुबह अपनी एक सहेली के साथ महुआ इकट्ठा करने जंगल गई थी, तभी उसका पैर माओवादियों द्वारा जमीन के नीचे लगाए गए एक बारूदी सुरंग पर पड़ गया।

## वाराणसी में विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी के 76 दिवसीय वार्ड प्रवास अभियान का समापन

# माफिया की जगह सिर्फ मिट्टी, कब्जाई जमीन पर गरीबों की बनेंगी हवेलियां: मुख्यमंत्री योगी

### स्वच्छता कर्मियों का पैसा काटने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- न्यूनतम 16 हजार रुपये मानदेय की व्यवस्था परिवार को ही प्रदेश मानने वालों की दुर्गति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया की जगह सिर्फ मिट्टी में है। जिन जमीनों पर कभी माफिया का कब्जा था, वहां अब गरीबों की हवेलियां बनेंगी। प्रयागराज में माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर गरीबों, वंचितों और दलितों के लिए बहुमंजिला आवासीय इमारतों के निर्माण का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'अब माफिया नहीं, माफिया की जगह मिट्टी में है, अब गरीबों के लिए बड़ी-बड़ी हवेलियां बनेंगी।' मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार गरीबों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों के मानदेय में कटौती करने वालों को भी चेताया। कहा कि उत्तर प्रदेश में तय कर दिया गया है कि कोई भी व्यक्ति स्वच्छता कर्मियों का पैसा काटेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को वाराणसी दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी के 76 दिवसीय वार्ड प्रवास अभियान के समापन एवं स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियान के चौथे संस्करण की सराहना करते हुए इसे अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहकर उसकी समस्याओं का समाधान करें, सरकारी निर्माण कार्यों का संरक्षण सुनिश्चित करें और पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दस स्वच्छता कर्मियों को अंगवस्त्र पहनाकर और बैग भेंटकर सम्मानित किया।




### परिवार को ही प्रदेश मानने वालों की दुर्गति

मुख्यमंत्री योगी ने जनप्रतिनिधियों की सक्रियता का उल्लेख करते हुए परिवारवाद पर तंज कसा। उनका इशारा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि ही दोपहर 12 बजे सोकर उठेगा, नेतृत्व देने वाला भी 12 बजे सोकर उठेगा, अपने परिवार के बीच मस्त रहेगा और परिवार को ही समाज व प्रदेश मानने की भूल करेगा तो दुर्गति होनी ही है। उन्होंने कहा कि जो समाज, प्रदेश और देश को अपना परिवार मानते हैं, वही परिवर्तन ला सकते हैं। मुख्यमंत्री ने उन जनप्रतिनिधियों पर भी निशाना साधा, जो एक बार चुने जाने के बाद लखनऊ में पड़े रहते हैं और दोबारा अपने क्षेत्र में झांकने नहीं पहुंचते।

### मानदेय काटा तो होगी कड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले स्वच्छता कर्मियों से काम लेने के बाद उनकी मजदूरी और मानदेय में कटौती कर दी जाती थी। कई बार पूरा पैसा भी नहीं दिया जाता था। अब ऐसी मनमानी नहीं चलेगी। सरकार ने मानदेय में कटौती पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश आउटसोर्स कॉरपोरेशन के माध्यम से कर्मियों को न्यूनतम 16 हजार रुपये मानदेय देने की व्यवस्था की गई है। उन्हें ईएसआई के तहत अस्पतालों में उपचार, सुरक्षा बीमा और पीएफ का लाभ भी मिलेगा। दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को आर्थिक सहायता मिल सकेगी। पीएफ की व्यवस्था से सेवानिवृत्ति के बाद कर्मियों के पास अपनी पूंजी होगी और उन्हें दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

### नेहरू के साथ संसद पहुंचे, फिर भी भुला दिए गए मसुरियादीन

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महाशय मसुरियादीन ने अपना जीवन देश की स्वतंत्रता और समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। अपने लगभग 66-67 वर्ष के जीवन में उन्होंने नौ वर्ष जेल में बिताए। जेल से बाहर रहकर भी स्वतंत्रता आंदोलन के लिए जनजागरण करते रहे। जनता के बीच उनके प्रति सम्मान का परिणाम था कि वर्ष 1946 में वह उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने। स्वतंत्र भारत में वर्ष 1952 से 1972 के बीच चार बार लोकसभा के लिए चुने गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1952 में एक ही सीट से दो सांसद चुने जाते थे। उस समय पंडित जवाहरलाल नेहरू और महाशय मसुरियादीन पासी एक साथ चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में ऐसे अनेक महापुरुषों ने योगदान दिया, जिनकी स्मृतियों को सम्मान मिलना चाहिए।

#### जरायम पेशा कानून के खिलाफ लड़ी लड़ाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अंग्रेजों को चुनौती देने वाली कई जातियों को अपमानित करने के लिए अंग्रेजी हुकूमत ने 1871 में जरायम पेशा कानून बनाया था। पासी समाज सहित कई जातियों को इसकी श्रेणी में रखा गया। वर्ष 1952 में संसद पहुंचने के बाद महाशय मसुरियादीन ने इस कानून के खिलाफ आवाज उठाई।

### स्वच्छता मित्र नींव के पत्थर, उन्हीं पर टिकी भव्य व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि स्वच्छता कर्मी तब सड़कों और मोहल्लों की सफाई करते हैं, जब अधिकांश लोग सो रहे होते हैं। सर्दी, गर्मी, बरसात, आंधी और त्योहारों में भी वे पहले दूसरों के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार करते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन के बावजूद स्वच्छता की प्रशंसा हुई। इसके पीछे स्वच्छता कर्मियों का परिश्रम था। उन्होंने कहा कि नींव का पत्थर दिखाई नहीं देता, लेकिन पूरी भव्य इमारत उसी पर खड़ी होती है। स्वच्छता कर्मियों का योगदान भी ऐसा ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह नगर निगमों के कार्यक्रमों में स्वच्छता मित्रों का सम्मान कराने पर विशेष जोर देते हैं।

## राहुल याद रखें, आजादी के लिए नेहरू ही नहीं, मसुरियादीन पासी भी गए

- प्रयागराज में मुख्यमंत्री योगी ने किया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाशय मसुरियादीन पासी की प्रतिमा का अनावरण
- मसुरियादीन ने नौ वर्ष जेल में रहकर लड़ी आजादी की लड़ाई, इतिहास ने भुला दिया उनका योगदान: योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रयागराज

स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और महापुरुषों के सम्मान के मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी जी, एक बात नोट करना। जेल में देश की आजादी के लिए केवल और केवल नेहरू जी नहीं गए थे, देश की आजादी के लिए महाशय मसुरियादीन पासी जी भी जेल गए थे।' मुख्यमंत्री ने कहा कि मसुरियादीन ने एक-दो महीने या चार-छह महीने नहीं, बल्कि 1932 से 1944 के बीच नौ वर्ष जेल में रहकर आजादी की लड़ाई लड़ी। इतिहास के कालचक्र में उनके जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी को विस्मृत कर दिया गया। विरासत और विकास में विश्वास करने वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार अपने महापुरुषों को भुला नहीं सकती। उन्होंने कहा कि महापुरुषों का सम्मान किसी परिवार की बपौती नहीं है। जिन्होंने वंचितों और दलितों को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया, उन्हें भी उनका उचित सम्मान मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी तेलियरगंज स्थित महाशय मसुरियादीन स्मारक इंटर कॉलेज और टीवी कॉलोनी चौराहे के पास में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाशय मसुरियादीन पासी की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो अक्टूबर 1911 को जन्मे मसुरियादीन की जयंती महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के दिन ही पड़ती है।



## कुश्ती में कांस्य पदक विजेता अंशिका बनीं एक दिन की डीएम

- मिशन शक्ति के तहत जिला प्रशासन की पहल
- छात्रा को सम्मानित कर बढ़ाया बेटियों का हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बेडकरनगर



राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाने वाली कक्षा सात की छात्रा अंशिका को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनने का अवसर मिला। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा अंशिका को मिशन शक्ति अभियान के तहत यह सम्मान दिया गया। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य बेटियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कुश्ती प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल करने वाली अंशिका की उपलब्धि ने जिले को गौरवान्वित किया है। उसकी सफलता को प्रोत्साहन देने के लिए जिला प्रशासन ने उसे एक दिन की डीएम बनाकर सम्मानित किया। इस पहल के माध्यम से छात्राओं को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर वे किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकती हैं। मिशन शक्ति के तहत आयोजित इस पहल से बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के प्रति रुचि बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही, अन्य छात्राओं को भी शिक्षा, खेल और सामाजिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## बिहार: आरोपियों को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला

भाषा ▶▶| बगहा

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में शराब आपूर्ति के एक मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस घटना में थाना प्रभारी (एसएचओ) समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना बुधवार रात करीब 10 बजे नौतनरंगिया थाना क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस की हिरासत में लिए गए आरोपी को हमलावरों ने कथित तौर पर जबरन छुड़ा लिया। नौरंगिया के थाना प्रभारी राज रौशन के नेतृत्व में पांच पुलिसकर्मियों की टीम आरोपी नागेंद्र बीन और भुलन बीन गिरफ्तार करने पहुंची थी, जिनके खिलाफ शराब आपूर्ति के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। उन्होंने बताया, ''टीम ने भुलन बीन को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन पुलिस की कार्रवाई के दौरान करीब एक दर्जन लोगों ने विरोध किया और टीम से उलझ गए।'' आरोप है कि लोगों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और उनके साथ हाथापाई की। इस दौरान लोगों ने थाना प्रभारी की वर्दी भी फाड़ दी और नागेंद्र बीन को जबरन छुड़ा लिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में तीन लोगों- रौशन कुमार, प्रदीप कुमार और रामवृक्ष चौधरी को गिरफ्तार किया गया है।

## 1.43 करोड़ जल नमूनों की जांच, गांवों में मजबूत हुआ पेयजल निगरानी तंत्र

- पांच लाख महिला जल प्रहरी संभाल रहीं जिम्मेदारी, सुजलाम शक्ति समूह से जल गुणवत्ता पर नजर

टी एन मिश्र ▶▶| लखनऊ

जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया है। प्रदेश में करीब पांच लाख महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया गया है। ये महिलाएं अब जल जीवन मिशन 2.0 के तहत सुजलाम शक्ति समूहों के जरिए गांव-गांव पेयजल की शुद्धता पर नजर रख रही हैं।विभागीय आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक कुल 1,43,21,260 जल नमूनों की जांच की जा चुकी है। इनमें 2022-23 में 39.47 लाख, 2023-24 में 36.68 लाख, 2024-25 में 38.19 लाख, 2025-26 में 5.51 लाख और 2026-27 में अब तक 23.34 लाख नमूनों का परीक्षण किया गया है।



स्वयं सहायता समूहों की प्रशिक्षित महिलाओं, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों को पात्रता के आधार पर प्रशिक्षण देकर एफटीके उपलब्ध कराई जाती हैं। इनके माध्यम से पानी में आयरन, नाइट्रेट, क्लोराइड समेत विभिन्न अशुद्धियों की प्राथमिक जांच होती है। बैक्टीरियोलॉजिकल खामियां मिलने पर नमूनों को जिला और राज्य स्तरीय प्रयोगशालाओं में भेजा जाता है। जांच भारतीय मानक आईएस-10500:2012 के अनुरूप की जाती है।प्रशिक्षित महिलाएं नल कनेक्शन, स्वास्थ्य केंद्रों और हैंडपंपों सहित विभिन्न स्रोतों से हर महीने नमूनों की जांच करती हैं। इसके लिए निर्धारित मानदेय भी दिया जाता है। इस प्रकार यह पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार और आय का माध्यम बन रही है। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि महिला जल प्रहरियों की भागीदारी से निगरानी व्यवस्था मजबूत हुई है। ये महिलाएं ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## पेज एक का शेष

### जीसैट-7सी ...

स्वामित्व वाला सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भी है। जबकि दूसरे में हैदराबाद स्थित भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ किया गया 1 हजार 543 करोड़ का समझौता शामिल है। दोनों ही रक्षा तथा स्पेस क्षेत्र की घरेलू उद्योग जगत की कंपनियां हैं। ऐसे में आगामी वक्त में इन समझौतों के क्रियान्वयन से देश में बड़े पैमाने पर आमजनता के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**वरुणास्त्र की विशेषताएं:** वरुणास्त्र टॉरपीडो की लंबाई 7.78 मीटर, वजन 1500 से 1850 किलोग्राम है। ये अपने साथ लगभग 250 किलोग्राम तक आयुध लेकर जा सकता है। समुद्र में यह इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन के जरिए काम करेगा। इसकी गति 40 नॉट और गहराई की बात करें तो यह 600 मीटर तक की समुद्री गहराई में काम कर सकता है। मंत्रालय ने टॉरपीडो की खरीद के लिए बीडीएल के साथ समझौता किया है। जिसमें आवश्यकता पड़ने पर इसे नौसेना की विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला द्वारा विकसित पोत से छोड़ा जाएगा। वरुणास्त्र में उन्नत दिशा परिवर्तन क्षमताएं मौजूद हैं और यह लंबी दूरी से भी शत्रु की पनडुब्बियों को निशाना बनाकर उन्हें नष्ट कर सकता है। टॉरपीडो में वायर-गाइडेड और इकॉस्टिक होमिंग नामक एक सिस्टम लगा होगा। जिससे यह समुद्र की गहराई में शांत बैठी, कम आवाज करने वाली पनडुब्बियों का पता लगाकर उन पर भी हमला कर सकता है। वरुणास्त्र से नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं में वृद्धि देखने को मिलेगी।

**मेक-इन-इंडिया, आत्मनिर्भरता पर जोर:** समझौतों पर हस्ताक्षर के दौरान मंत्रालय के रक्षा विभाग में अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक (खरीद) ए.अंबारासु मौजूद थे। इसके जरिए घरेलू रक्षा मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के विकास की दिशा में आगे बढ़ना आसान होगा। साथ ही इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान और मेक-इन-इंडिया दृष्टिकोण के तहत रक्षा क्षेत्र में जटिल प्रौद्योगिकियों, स्वदेशी निर्माण में गति देखने को मिलेगी।

### राइफल जाम होने ...

रविवार को छुट्टी वाले दिन अक्सर बड़ी तादाद में हिंदू श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने के लिए आते हैं। जिनमें कई बार उनकी संख्या तीन हजार तक भी पहुंच जाती है।

**30 अक्टूबर को अदालत में होगी पेशी:** पुलिस ने बताया कि आरोपी की मानसिकता हिंदू विरोधी है और वह इसे लेकर कुछ कट्टरपंथी समूहों के साथ भी जुड़ा हुआ है। उस पर आतंकवादी धमकी देने और गैरकानूनी ढंग से अपने घर पर हथियारों को रखने का आरोप पुलिस ने लगाया है। स्थानीय अदालत ने उसे हिरासत में रखने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। जिसमें एफबीआई भी पुलिस को मदद कर रही है।

### भारत विरोधी घृणा...

जिससे दोषियों को न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाए और इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए जरूरी उपाय किए जा सकेंगे। रणधीर ने स्पष्ट किया कि नई दिल्ली अमेरिका की न्यायिक एजेंसियों द्वारा संदिग्ध को पकड़ने और उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों से अवगत है। शिकागो में भारत का महावाणिज्य दूतावास भी इस पूरे प्रकरण पर पैनी नजर बनाए हुए है। जिसमें वह अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के साथ संपर्क में बना हुआ है।

### निर्णायक कार्रवाई ...

आरोप शामिल हैं। ये घटना कहीं न कहीं अमेरिका में नस्लवादी वैमनस्य और भारत विरोधी घृणा को लेकर बढ़ती हुई चिंताओं को और अधिक गंभीर बनाती है। ऐसे में सतर्कता के साथ नस्लीय विद्वेष से प्रेरित हिंसा को किसी भी सूरत में बर्दाश्त न करने की नीति को अपनाने और भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

### राइफल जाम हुई, ...

उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने घर से राइफल, भरी हुई मैजगीन और 300 राउंड गोलियां भी बरामद की हैं।

## उद्योग स्थापना से बिहार की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी

# वर्ष 2030 तक बिहार के युवाओं को राज्य में ही रोजगार देने का लक्ष्य: सीएम सम्राट

भाषा ▶▶| पटना

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 से पहले बिहार से बाहर मजदूरी करने जाने वाले लोगों को राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराना है। इसके लिए राज्य में उद्योगों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों की स्थापना, निवेश को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना के विस्तार से बिहार की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर प्रखंड स्थित महवल औद्योगिक क्षेत्र में 140.95 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मेगा लेदर, फुटवियर एवं एक्सेसरीज क्लस्टर तथा साझा सुविधा केंद्र का उद्घाटन करने के



बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उद्योग विभाग और फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (एफडीडीआई) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, चौधरी ने कहा कि बिहार के लोगों में प्रतिभा और काम करने की क्षमता है। जरूरत उन्हें अपने ही राज्य में रोजगार और उद्यम के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने की है। लगभग 12 लाख लोग आज भी बिहार से बाहर मजदूरी करने जाते हैं। सरकार का प्रयास है कि 2030 से पहले उन्हें राज्य में ही काम मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संकल्प को साकार करने के लिए बिहार का आर्थिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा, जब बिहार समृद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने 2030 से पहले राज्य में 1,000 मेगावाट क्षमता का डेटा सेंटर विकसित करने का लक्ष्य दोहराया। उन्होंने कहा कि हाल ही में पटना में कंट्रोल एस (सीटीआरएलएस) जो कि डेटा सेंटर संचालित करने वाली कंपनी के 12 मेगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर का उद्घाटन हुआ है और उसने काम करना शुरू कर दिया है। इस क्षेत्र के विस्तार से बड़े पैमाने पर निवेश और राजस्व प्राप्ति की संभावनाएं हैं। उन्होंने अनुमान जताया कि डेटा सेंटर क्षेत्र में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश की संभावना बन सकती है। चौधरी ने कहा कि सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार नई नीतियां बना रही है।

चिंतन

# धर्मांतरण पर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट रेखा

धर्म बदलने का अधिकार हर किसी को है, मगर धर्म परिवर्तन के आधार पर आरक्षण की किसी दूसरी श्रेणी में स्वतः प्रवेश का दावा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी महत्वपूर्ण अंतर को रेखांकित करता है। तमिलनाडु सरकार को झटका देते हुए शीर्ष अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। मामला इस्लाम अपनाने वाले लोगों को केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर पिछड़े मुस्लिम वर्ग के तहत आरक्षण देने की सरकारी व्यवस्था से जुड़ा था। अदालत के इस रुख ने आरक्षण की पात्रता, संवैधानिक मर्यादा और राजनीतिक नीतियों की सीमाओं पर एक बार फिर बहस तेज कर दी है। आरक्षण कोई ऐसा दरवाजा नहीं, जिसकी चाबी केवल धर्म परिवर्तन हो। इसकी व्यवस्था ऐतिहासिक भेदभाव, सामाजिक वंचना और अवसरों की असमानता को दूर करने के लिए की गई है। इसका उद्देश्य उन समुदायों को आगे लाना है, जो लंबे समय तक सामाजिक व्यवस्था में पीछे रहे। ऐसे में किसी व्यक्ति का एक धार्मिक पहचान से दूसरी पहचान में जाना अपने आप उसे नए समुदाय की आरक्षण श्रेणी का पात्र नहीं बना सकता। पात्रता के लिए संबंधित वर्ग के निर्धारित मानकों को पूरा करना आवश्यक है। तमिलनाडु सरकार ने मार्च 2024 में ऐसी व्यवस्था बनाई थी, जिसके तहत विभिन्न पिछड़े और अन्य अधिसूचित समुदायों से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को पिछड़े मुस्लिम वर्ग के अंतर्गत प्रमाणपत्र देकर आरक्षण का लाभ देने का प्रावधान किया गया। मद्रास हाईकोर्ट ने इस व्यवस्था को रद्द कर दिया था। राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। यह घटनाक्रम बताता है कि सामाजिक न्याय के नाम पर बनाई गई सरकारी नीति भी संवैधानिक प्रावधानों और पात्रता के निर्धारित नियमों से ऊपर नहीं हो सकती। इस फैसले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि आरक्षण की विभिन्न श्रेणियों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। अनुसूचित जाति का दर्जा संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत लागू प्रावधानों से नियंत्रित होता है, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग की पहचान और पात्रता के अलग कानूनी आधार हैं। इसलिए यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि धर्म परिवर्तन करने वाला हर व्यक्ति हर प्रकार के आरक्षण से स्वतः बाहर हो जाता है। इस बहस का दूसरा पक्ष भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। धर्म परिवर्तन करने से किसी व्यक्ति की आर्थिक कमजोरी, सामाजिक वंचना या भेदभाव की परिस्थितियां समाप्त नहीं हो जातीं। किसी समुदाय को लाभ देने की घोषणा कर देना पर्याप्त नहीं; यह भी देखना होगा कि उस घोषणा का कानूनी आधार क्या है और उससे आरक्षण की मूल भावना पर क्या प्रभाव पड़ेगा। यदि पात्रता के नियम अस्पष्ट होंगे, तो विवाद बढ़ेंगे, मुकदमेबाजी होगी और वास्तविक जरूरतमंदों के हित प्रभावित होने का खतरा रहेगा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला यही संदेश देता है कि धर्म की स्वतंत्रता और आरक्षण की पात्रता दो अलग प्रश्न हैं। सामाजिक न्याय न राजनीतिक कृपा है, न मनमानी से बांटा जाने वाला लाभ। इसकी विश्वसनीयता तभी कायम रह सकती है, जब नियम स्पष्ट हों, उनका पालन निष्पक्षता से हो और लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। यही आरक्षण व्यवस्था के प्रति समाज का भरोसा बनाए रखने की अनिवार्य शर्त भी।



25 वर्षों की सेवा

शिवप्रकाश

# जनसेवा से राष्ट्रसेवा के भाव का चिंतन

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 वर्षों में किए गए राष्ट्र सेवा के अनवरत कार्यों से देश को परिचित कराया। आशीर्वाद का दिया जलाकर उनके प्रति अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उल्लेखनीय विकास केन्द्रों का प्रवास, आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान, प्रभावी व्यक्तियों से संपर्क आदि के माध्यम से समाज के सभी व्यक्तियों से संपर्क का यह अभिनव अभियान था। 7 अक्टूबर को देश के हजारों स्थानों पर लाखों नागरिकों ने "वी विल डू इट" के उद्घोष के साथ 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी लिया। विगत 25 वर्षों में मोदी जी ने भारत के आर्थिक उत्थान के साथ – साथ विश्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव भी स्थापित किया है। भारत में धर्म केवल पूजा-पाठ एवं कर्मकांड तक सीमित नहीं, समाज धारणा एवं कर्तव्य भाव भी सिखाता है। प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी ने सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों के माध्यम से आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। विपक्ष सांस्कृतिक उत्थान के होने वाले कार्यों को आलोचना की दृष्टि से देखता था। इन धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हुए प्रयासों के कारण आर्थिक व्यवस्था में कितना परिवर्तन आया है, यह अध्ययन का विषय है। इसको कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है। जब किसी धार्मिक स्थल का विकास होता है, तब केवल मंदिर परिसर ही नहीं, वहां का सम्पूर्ण चित्र बदलता है। सड़कें पर्यटकों के आवागमन के योग्य बनती हैं। रेलवे, एअरपोर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, दुकानदार, स्थानीय आवागमन के साधनों का उपयोग, हस्तशिल्प , स्थानीय उत्पादों की बिक्री आदि के द्वारा संपूर्ण जन-जीवन में परिवर्तन आता है।

धार्मिक व्यवस्था से जुड़े गाइड, पुष्पमाला एवं प्रसाद बेचने वाले दुकानदार सभी के जीवन में खुशहाली आती है। भारत सरकार की प्रसाद योजना के द्वारा यह सब संभव हुआ है। प्रसाद योजना के अंतर्गत 54 प्रकल्पों पर 1726.74 करोड़ का बजट निर्धारित हुआ। एक अनुमान के अनुसार प्रसाद योजना के परिणाम स्वरूप 5000-8000 करोड़ की आर्थिक गतिविधि अब तक हुई है। भारत में लगभग 20 लाख सनातनी आस्था (मंदिर ) के स्थान हैं। 60 % पर्यटन धार्मिक पर्यटन हैं। जीडीपी में 5.22 प्रतिशत एवं रोजगार में 13.34 % का योगदान हैं। लगभग 7.5 करोड़ रोजगार धार्मिक एवं उससे संबंधित गतिविधियों से मिलता है। गुजरात सरकार के बजट के आधार पर 2024-25 में सोमनाथ मंदिर के दर्शन के लिए प्रतिदिन 25000 श्रद्धालु आते हैं। वर्ष भर में लगभग 97 लाख लोगो ने अपने आराध्य के दर्शन किए। 2013 में 70–75 लाख श्रद्धालुओ ने दर्शन लिए थे। लगभग 26% की वृद्धि हुई है। लगभग 1500- 1800 करोड़ की वार्षिक आर्थिक गतिविधि सोमनाथ तीर्थ दर्शन के कारण होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है। 2014 के पूर्व एवं पश्चात के काशी में धरती आसमान का अंतर काशीवासी अनुभव करते हैं। मोदी जी का काशी से चुनाव लड़ना अपना सौभाग्य भी मानते हैं। 13 दिसंबर 2022 को काशी कोरिडोर के प्रथम चरण का उद्घाटन 339 करोड़ की लागत से संपन्न हुआ । काशी पुनर्निर्माण से पहले 70 - 80 लाख तीर्थयात्री प्रतिवर्ष आते थे। अब लगभग 2025



में 7 करोड़ श्रद्धालु काशी में दर्शन के लिए आए। 2021 से 2025 तक 25.28 करोड़ दर्शनार्थियों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। संपूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय के प्राध्यापक प्रो. राजनाथ के अनुसार प्रति व्यक्ति लगभग 5000 रुपये भी खर्च करता है, तब 1.25 लाख करोड़ का आर्थिक व्यापार होता है। जिसके कारण पर्यटन आय में 65 % की वृद्धि हुई है। काशी – तमिल संगम के माध्यम – दक्षिण की एकात्मता का माध्यम भी बनी है। लंबे संघर्ष के उपरांत निर्मित भव्य मंदिर के निर्माण के उपरांत अयोध्या की सम्पूर्ण आर्थिकी ही परिवर्तित हो गई। आईआईएम लखनऊ के एक अध्ययन के आधार पर वर्ष में पहले 1.7 लाख तीर्थयात्री आते थे। दुकानदारों की प्रतिदिन आय 400- 500 रुपये तक होती थी। 2025 में 29.95 करोड़ श्रद्धालुओ ने भगवान राम के दर्शन किए। अयोध्या का जीएसटी संग्रह का 400 करोड़ है । 2028 तक पर्यटन राजस्व संग्रह का अनुमान 18000 करोड़ है 1 जो वर्तमान में 10000 करोड़ प्रतिवर्ष है । व्यापारिक आय में 5 गुना वृद्धि हुई है । रेस्टोरेंट 200 से बढ़कर 2000 हुए एवं बैंक शाखाएं 15 से बढ़कर 60 हुई है । होटल एवं होम स्टे में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है । उत्तर प्रदेश को पर्यटन विभाग एवं अयोध्या के कारण 2025 में 20000 से 25000 करोड़ का अतिरिक्त कर प्राप्त हुआ है । 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महाकाल लोक का उद्घाटन होने के बाद 2019 की तुलना में तीर्थयात्रियों में 50% की वृद्धि हुई है। पहले 20-25 हज़ार श्रद्धालु दर्शन करते थे, अब 80 हजार से 1 लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। अब इंदौर एवं उज्जैन आर्थिक विकास के कारण एक होने की स्थिति में है। मध्य प्रदेश में पर्यटन के कारण 89. 21 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जिसमें महाकाल तीर्थयात्रियों का बड़ा योगदान है। 2013 की केदारनाथ में आई आपदा का निरीक्षण करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी आए थे, उसी समय केदारनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प भी उन्होंने लिया था। आल वेदर रोड, ऋषिकेश से कर्ण प्रयाग रेलवे लाइन, वायु सेवा आदि के द्वारा अब उत्तराखंड में आदि कैलाश साहित चारों धामों में पर्यटन में बहुगुणित वृद्धि हुई है। केवल केदारनाथ में 2025 में 1656539 तीर्थयात्री पहुंचे। 2025 के पहले डेढ़ मास में ही 300 करोड़ का रेवन्यू प्राप्त हुआ था। मोदी ध्यान गुफा की एक रात की बुकिंग 11000 रुपये है, जिससे 2025 में विश्राम गृहों सहित 3.8 करोड़ की आय प्राप्त हुई थी। प्रयाग में आयोजित महाकुम्भ ने तो विश्व रिकॉर्ड ही बनाया है। दुनिया के लिए महाकुंभ की व्यवस्था शोध का विषय है। महाकुम्भ सम्पूर्ण विश्व के लोगों को जोड़ने का माध्यम भी बना है। आकड़ों के अनुसार 66 करोड़ से अधिक लोगो ने मां गंगा में डुबकी लगाई थी। उत्तर प्रदेश सरकार को कुंभ के द्वारा 500 करोड़ की अतिरिक्त जीएसटी के माध्यम से आय हुई। 1.5 लाख करोड़ पर्यटन के कारण राजस्व प्राप्त हुआ। सरकार ने महाकुम्भ क्षेत्र के विकास के लिए 6982 करोड़ खर्च कर 2-3 लाख करोड़ राजस्व आय प्राप्त की। लगभग 6 लाख से अधिक लोगो को रोजगार भी प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की आर्थिक प्रगति को भी एक दिशा दी है।

वेड इन इण्डिया प्रयोग आत्मनिर्भर भारत तथा भारतीय स्थानों के सौंदर्य का बोध भी विश्व को कराता है। इसके कारण वैश्विक पर्यटन का विकास भी होता है। तीर्थाटन द्वारा आर्थिक प्रगति में हम तिरुपति, वैष्णो देवी सहित अनेक स्थानों का अध्ययन भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करने वाले उनके इस दिशा में किए प्रयत्नों का अध्ययन भी करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चिंतन प्रतिपल 140 करोड़ नागरिकों के लिए है जो उनमें अन्तर्निहित जनसेवा से राष्ट्रसेवा के भाव को प्रकट करता है ।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 वर्षों में किए गए राष्ट्र सेवा के अनवरत कार्यों से देश को परिचित कराया। आशीर्वाद का दिया जलाकर उनके प्रति अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उल्लेखनीय विकास केन्द्रों का प्रवास, आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान, प्रभावी व्यक्तियों से संपर्क आदि के माध्यम से समाज के सभी व्यक्तियों से संपर्क का यह अभिनव अभियान था| 7 अक्टूबर को लाखों नागरिकों ने "वी विल डू इट" के उद्घोष के साथ 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी लिया। विगत 25 वर्षों में मोदी जी ने भारत के आर्थिक उत्थान के साथ–साथ विश्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव भी स्थापित किया है।

विचार

डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी



# एक राष्ट्र, एक गरिमा

'समान नागरिक संहिता परस्पर विरोधी विचारधाराओं वाले कानूनों के प्रति अलग-अलग निष्ठाओं को समाप्त करके राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में सहायक होगी।'

*- मुख्य न्यायाधीश वाई.वी. चंद्रचूड़, शाह बानो, 1985*

उसका नाम मायने नहीं रखता, क्योंकि वह हर महिला है। वह सत्ताईस साल की थी जब उसके पति ने तीन शब्द कहे-एक बार, दो बार, तीन बार-और किसी सदस्यता रद्द करने की सहजता से उनके चौदह साल के विवाह से बाहर निकल गए। जुबेदा, जैसा हम उसे बुलाएँगे, अदालत नहीं गई। वह अपने माता-पिता के घर गई, क्योंकि कानून उसे बस इतना ही करने देता था। मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट 1937 के तहत-एक औपनिवेशिक कानून जो भारतीय मुसलमानों को मुक्त करने के लिए नहीं बल्कि उन पर शासन करने के लिए बनाया गया था-उसे इद्दत की तीन महीने की अवधि से अधिक गुजारे का कोई लागू करने योग्य दावा नहीं था। जो वैवाहिक घर उसने टाँके-टाँके, साल-दर-साल बनाया था, उस पर भी उसका कोई हक नहीं था। व्यक्तिगत कानून के ठंडे अंकगणित में उसके पास कुछ नहीं था। लेकिन यह केवल जुबेदा की कहानी नहीं है। यह लीला की भी कहानी है-त्रावणकोर की एक सीरियाई ईसाई महिला-जिसने 1980 में देखा कि उसके भाई पिता की जमीन बाँट रहे हैं, जबकि उसे बेटे के हिस्से का एक-चौथाई-या पाँच हजार रुपए, जो भी कम हो-की पेशकश की गई। भारतीय संविधान से भी पुराने एक औपनिवेशिक चर्च कानून ने तय किया कि उसकी जिंदगी की क्या कीमत है। 1986 में मैरी रॉय बनाम केरल राज्य के फैसले के जरिए उसे वह मिला जो गणतंत्र को 1950 में ही देना था। लेकिन यह लड़ाई लड़ने की नौबत कभी आनी ही नहीं चाहिए थी।

यह सुनीता की भी कहानी है-एक हिंदू बेटी-जो 2005 तक देखती रही कि उसका भाई जन्म के आकस्मिक संयोग से परिवार के खेत का वारिस बन गया, जबकि वह-उतनी ही प्यारी, उतनी ही मेहनती बच्ची- सहदायिकता से बाहर कर दी गई। आधी सदी के संवैधानिक लोकतंत्र और विनीता शर्मा (2020) के सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने वह तय किया जो संविधान की स्याही सूखने के साथ ही तय हो जाना चाहिए था। व्यक्तिगत कानून के तहत पीड़ित हर महिला को उसके धर्म ने नहीं, बल्कि राज्य की उस वादे पर अमल करने की अनिच्छा ने धोखा दिया है जो उसने 1950 में किया था। वह वादा भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में काले-सफेद में लिखा है: 'राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा।' यह कोई फुटनोट नहीं है। यह कोई शर्त नहीं है। यह एक निर्देश है-जो संविधान निर्माताओं ने किसी और सदी की आकांक्षा के रूप में नहीं, बल्कि इस मान्यता के रूप में रखा था कि एक लोकतंत्र दो न्याय-मानकों पर नहीं चल सकता: एक राजनीतिक रूप से सुविधाजनक के लिए, दूसरा संरचनात्मक रूप से कमजोर के लिए।

***वह चुप्पी जो जानें लेती है:*** हम समान नागरिक संहिता की बात ऐसे करते हैं जैसे यह कोई धार्मिक बहस हो, आस्था का सवाल हो, समुदायों के बीच चिंगारी हो। हम शायद ही कभी इसे वह बताते हैं जो यह वास्तव में है: भारतीय महिलाओं के लिए एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल। भारतीय मुस्लिम महिला आंदोलन ने 2015 में दस राज्यों में 4,710 विवाहित मुस्लिम महिलाओं का सर्वेक्षण किया। लगभग 92 प्रतिशत ने कहा कि एक पुरुष को पहली पत्नी के जीते जी दूसरी शादी की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। 88 प्रतिशत से अधिक ने एकतरफ़ा तलाक की जगह सुलह-आधारित तलाक-ए-अहसन चाहा। ये आवाजें किसी बाहरी समुदाय की नहीं हैं जो सुधार थोपना चाहता हो। ये उसी समुदाय की आवाजें हैं-वे महिलाएँ जो दिन में पाँच बार नमाज पढ़ती हैं और यह भी जानती हैं कि गरिमा एक अपरिहार्य अधिकार है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (**NFHS**-5, 2019-21) ने चुपचाप एक और सुविधाजनक मिथक को ध्वस्त कर दिया: कि बहुविवाह 'मुस्लिम समस्या' है। आँकड़े बताते हैं कि बहुपत्नीत्व वास्तव में सबसे अधिक ईसाइयों में 2.1 प्रतिशत, फिर मुसलमानों में 1.9 प्रतिशत, फिर हिंदुओं में 1.3 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों में सर्वाधिक 2.4 प्रतिशत है। समस्या इस्लाम नहीं है। समस्या उस कानून का अभाव है जो कहे: कोई भी भारतीय नागरिक, चाहे किसी भी धर्म का हो, पहली पत्नी के जीते जी दूसरा जीवनसाथी नहीं कर सकता।

न ही वे जवाहरलाल नेहरू को उद्धृत करते हैं, जिन्होंने लिखा था: 'एक ऐसी नागरिक संहिता जो सभी पर लागू हो, आधुनिक जीवनशैली की एक परम आवश्यकता है।' नेहरू को उसी विरोध का सामना करना पड़ा था जो आज **UCC** समर्थकों को झेलना पड़ता है: धार्मिक भावना की भाषा को शक्तिशाली के विशेषाधिकारों की रक्षा के लिए कमजोर की कीमत पर हथियार बनाया जाता था। तब शक्तिशाली जनेऊ पहनते थे। आज शक्तिशाली अलग प्रतीक लेकर चलते हैं। जो महिलाएँ पीड़ित होती हैं वे कोई प्रतीक नहीं पहनतीं। समान नागरिक संहिता का विरोध हमेशा, अपने मूल में, महिलाओं की समानता का विरोध रहा है-धार्मिक रक्षा की भाषा में लिपटा हुआ।

पाँच सुप्रीम कोर्ट की पीठों ने-1985 के शाह बानो से लेकर मार्च 2026 में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ की टिप्पणियों तक-इस समझ को दोहराया है। न्यायालय संसद को मजबूर नहीं कर सकता; निदेशक सिद्धांत किसी अदालत द्वारा लागू करने योग्य नहीं हैं। लेकिन न्यायालय सुसंगत रहा है: अनुच्छेद 44 एक मृत पत्र नहीं है। यह एक नैतिक निर्देश है जिसे 1.4 अरब लोगों के राष्ट्र ने पचहत्तर वर्षों तक न मानने का विकल्प चुना है।उस विकल्प के परिणाम हैं। उन परिणामों के नाम हैं। वे हैं जुबेदा, और लीला, और सुनीता, और दस करोड़ महिलाएँ जिनसे हमने कभी गवाही नहीं माँगी।

## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित

दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं। अक्सर लोगों के पास ये बहाना होता है, की हमारे पास वक्त नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशे में डूबता पंजाब

पंजाब में आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नशे का मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बनने पर 3 महीने के भीतर पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान आम आदमी पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशा मुक्त पंजाब का वादा अधूरा ही है। पंजाब देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज उसी धरती का युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशे की लत से परिवारों की जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशे की पूर्ति के लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबी के दलदल में फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि अगर कोई नशे के खिलाफ बोलता है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है। *- बलवीर सिंह, रायपुर*

## ट्रेंड

### नक्सल-मुक्त भारत



नक्सल-मुक्त भारत बनाने का मोदी सरकार का संकल्प पूरा हो गया है। नक्सलवाद से देश को मिले घावों को अब भरना होगा, पीड़ितों के लिए सम्मानजनक जीवन जीने की व्यवस्था करनी होगी।

**- अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### नया भारत



यह नया भारत है, जो आतंकवाद के आगे झुकता नहीं, बल्कि उसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए निर्णायक प्रहार करता है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो कोई भी उसकी संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती देगा, उसे करारा जवाब मिलेगा।

**- राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### महिला सशक्तीकरण



दिल्ली के निर्माण में हमारी मेहनती बहनों की भूमिका अमूल्य है। उनका स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण हमेशा मेरी प्राथमिकता रहेगा। उनके अथक प्रयासों ने आज की दिल्ली को गढ़ा है, उनकी ताकत व आत्मनिर्भरता कल की दिल्ली को आकार देगी। **- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### सरकार की जवाबदेही



क्या सरकार ने जवाबदेही तय करने के अपने कर्तव्य को पूरी तरह से त्याग दिया है कि अब वह जवाबदेही मांगने वालों की आवाज़ दबाने के लिए उन्हें हिरासत में ले रही है? जंतर-मंतर पर, जो हाथों में तिरंगा थामे हुए थे, आज न्यायिक हिरासत में हैं।

**- शशि थरूर,** सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### चीन-कोरिया को जोड़ने वाला नया पुल एक दशक बाद खुला



चीन और उत्तर कोरिया को जोड़ने वाला एक नया पुल एक दशक से अधिक की देरी के बाद बृहस्पतिवार को खुल गया। इसे दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि 'न्यू यालू रिवर ब्रिज' का उद्घाटन किया गया। सरकारी मीडिया संस्थान चाइना न्यूज सर्विस के ऑनलाइन वीडियो में चीन और उत्तर कोरिया के राष्ट्रीय ध्वजों से सजे ट्रक पुल पर खड़े दिखाई दिए। पुल को भी दोनों देशों के झंडों से सजाया गया था। बीजिंग को उम्मीद है कि तीन किलोमीटर लंबा और चार लेन वाला यह पुल आर्थिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संपर्क को भी बढ़ावा देगा। यह पुल चीन के पूर्वोत्तर शहर दानदोंग को उत्तर कोरिया के शहर सिनुइजू से जोड़ता है। इस पुल को मूल रूप से 2014 में यातायात के लिए खोलने की योजना थी। उस समय चीन ने अपनी ओर निर्माण कार्य पूरा कर लिया था। हालांकि, निर्धारित समय पर पुल नहीं खुला और उत्तर कोरिया ने अपनी ओर संबंधित निर्माण कार्य भी पूरा नहीं किया था। सिनुइजू में निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने से यह अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि प्योंगयांग चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता बढ़ने को लेकर सतर्क है।

## ऑफ बीट

### कुछ कपड़े धोने पर सिकुड़ जाते हैं ? कैसे रोका जाए



कपड़े आखिर क्यों सिकुड़ते हैं, यह जानने के लिए हमें पहले यह समझना होगा कि कपड़े बनते कैसे हैं। सूती और लिनन जैसे सामान्य रेशे पौधों से हासिल होते हैं। ये रेशे अपने प्राकृतिक स्वरूप में अनियमित आकार के और झुर्रीदार होते हैं। अगर आप इन रेशों के अंदर गहराई से देखेंगे, तो आपको लाखों छोटे, लंबी-शृंखला वाले सेल्यूलोज अणु नजर आएंगे, जो प्राकृतिक रूप से सर्पिल आकार में मौजूद होते हैं। कपड़ा बनाते समय इन रेशों को यांत्रिक रूप से खींचा और मोड़ा जाता है, ताकि ये सेल्यूलोज शृंखलाएं सीधी हो जाएं और कतार में आ जाएं। इस प्रक्रिया में चिकने, लंबे धागे बनते हैं। रासायनिक स्तर पर, ये शृंखलाएं 'हाइड्रोजन बॉन्ड' से जुड़ी होती हैं, जो रेशों और धागों को मजबूत एवं लचीला बनाते हैं। 'फाइबर मेमोरी' के कारण ही कुछ कपड़ों पर आसानी से सिलवटें पड़ जाती हैं, जबकि कुछ कपड़े धोने के बाद सिकुड़ भी जाते हैं। कपड़े धोने के दौरान, गर्म पानी रेशों के ऊर्जा स्तर को बढ़ाने में मदद करता है-यानी वे तेजी से हिलते हैं, जिससे उन्हें एक-दूसरे से जोड़े रखने वाले 'हाइड्रोजन बॉन्ड' टूट जाते हैं। रेशों को जिस तरह से बुना या पिरोया जाता है, इसकी भी अहम भूमिका होती है। ढीले बुने हुए कपड़ों में धागों के बीच ज्यादा खुली जगह और लूप होते हैं, जो उन्हें न सिर्फ अधिक लचीला और सांस लेने योग्य बनाते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# राहुल गांधी बताएं,वे लोकतांत्रिक विरोध चाहते हैं या बांग्लादेश जैसी अराजकता का समर्थन करते हैंः भाजपा

## देश की जनता बार-बार चुनावों में राहुल गांधी की राजनीति को नकारकर अपना संदेश स्पष्ट कर चुकी है - 'अराजकता को ना, लोकतंत्र को हां! परिवारवाद को ना...

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी पर लोकतांत्रिक विरोध की आड़ में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। भाजपा ने नेहा बोरा के बांग्लादेश जैसे आंदोलन संबंधी बयान और प्रशांत भूषण की क्रांति तथा खून-खराबे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध साजिश बताया। पार्टी के मीडिया सह-संयोजक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि देश में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान लोकतंत्र में जनता के विश्वास को दर्शाता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने राहुल गांधी से नेहा बोरा के बयान पर स्पष्टीकरण मांगा और लोकतंत्र, संविधान तथा जनादेश का सम्मान करने की अपील की।

भंडारी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से राहुल गांधी द्वारा 'पॉलिटिकल रेजिस्टेंस' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। राहुल गांधी का मकसद लोकतांत्रिक विरोध करना नहीं, बल्कि अराजकता की आड़ में भारत के लोकतंत्र को तहस-नहस करना है। सभी लोगों ने नेहा बोरा और राहुल गांधी का वीडियो ध्यान से देखा होगा। राहुल गांधी ने जब अपना अराजक मार्च निकाला था, तब नेहा बोरा को उसका चेहरा बनाया था। इसका मतलब है कि नेहा बोरा के विचार भी वही हैं, जो राहुल गांधी के हैं। नेहा बोरा ने कल एक इंटरव्यू में कहा कि यह आंदोलन बांग्लादेश के आंदोलन से प्रेरित है। जिस तरह बांग्लादेश में हुआ, ठीक वैसा ही वे चाहते हैं कि हिंदुस्तान में भी हो। ये शब्द नेहा बोरा के हैं, लेकिन विचार राहुल गांधी के हैं। एक तरफ राहुल गांधी नेहा बोरा को अपने साथ जोड़कर उन्हें अपने आंदोलन का चेहरा बना रहे हैं, तो दूसरी तरफ वही नेहा वोहरा कह रही हैं कि वे भारत में बांग्लादेश जैसा अराजक जेन-जी आंदोलन चाहते हैं।

■ भाजपा ने नेहा बोरा और प्रशांत भूषण पर भी साधा निशाना





भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि बांग्लादेश में क्या हुआ था, यह सभी को पता है। वहां इस्लामिस्टों के एक समूह ने भीड़ और अराजकता का सहारा लेकर पूरी व्यवस्था को तहस-नहस करने का प्रयास किया था। उनका मकसद 'रिजीम चेंज' था। अब यह साबित हो चुका है कि जब राहुल गांधी लोकतांत्रिक तरीके से अपने परिवार को सत्ता में नहीं ला पा रहे हैं, तो राहुल गांधी और उनका पूरा इकोसिस्टम भारत के लोकतंत्र को तहस-नहस करने की साजिश रच रहा है। यह 'पॉलिटिकल रेजिस्टेंस' नहीं, बल्कि एक 'अराजक मार्च' और 'अराजक विद्रोह' है। भारत का लोकतंत्र अराजकता को बढ़ावा देने या उसका समर्थन करने की अनुमति नहीं देता। यह अपनी तरह की इकलौती घटना नहीं है। प्रशांत भूषण एक ट्विटर स्पेस पर क्रांति की बात कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने खून-खराबे का भी जिक्र किया है। इसके ठीक 24 घंटे बाद राहुल गांधी उसी प्रशांत भूषण के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं। घटनाओं की यह श्रृंखला एक पैटर्न की ओर संकेत करती है। राहुल गांधी का उद्देश्य लोकतांत्रिक विरोध नहीं, बल्कि अराजकता को अपनाना और उसे वैधता प्रदान करना है। यह लोकतांत्रिक विरोध नहीं, बल्कि भारतीय व्यवस्था और भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ लड़ाई है।

भंडारी ने कहा कि जो भी भारत के लोकतंत्र में विश्वास रखता है, उसे समझना होगा कि राहुल गांधी और उनका इकोसिस्टम झूठ के सहारे भारत की जनता के मन में लोकतंत्र, लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने की साजिश रच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### गांधीनगर में बॉयलर फटने से 4 की मौत

**अहमदाबाद।** गांधीनगर के छत्राल औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री का बॉयलर फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। गांधीनगर जीआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र म कोविका डाईज एंड इंटरमीडिया कंपनी की फैक्ट्री में गुरुवार दोपहरधमाके के साथ बॉयलर फट गया। उपखंड अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं फायर ब्रिगेड कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जांच चल रही है।



### असम में 57.5 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व सरमा ने बताया कि पुलिस ने कछार जिले में 57.5 करोड़ रुकी याबा गोलियां जब्त की हैं और 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। सरमा ने बताया कि पुलिस ने एक अभियान के दौरान ट्रक से 2.3 लाख याबा गोलियां जब्त कीं। उन्होंने पुलिस की सराहना की



### मद्रास उच्च न्यायालय को मिले 2 नए जज

**चेन्नई।** न्यायमूर्ति धर्मलिंगम लिंगेश्वरन और न्यायमूर्ति बी. कार्तिकेयन ने मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी ने सादे सामारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## पीएम मोदी ने लद्दाख में 3,350 करोड़ की 5 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया

# यह विकास की नई गाथाएं लिख रहा 12 घंटे का सफर 3 घंटे में होगा पूरा

### वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया लोकार्पण, प्रगति देख रहा केंद्र शासित प्रदेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली लद्दाख

### लोगों का सफर होगा आसान, कई सुविधाएं भी बढ़ेंगी, आज यहां सड़कों का जाल बिछा

**केंद्र सरकार ने जरूरतों पर ध्यान दिया**

यहां सौगात देने के बाद प्रधानमंत्री ने खुशी भी जताई



वीडियो कांफ्रेंसिंग से लद्दाख को सौगात देते प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लद्दाख में 3,350 करोड़ की 5 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान, पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद से यहां विकास की जरूरतों पर और भी ध्यान दिया गया है। 2019 तक लद्दाख में करीब 1800 किमी की सड़कों का नेटवर्क था।

आज यह बढ़कर 4 हजार किमी से अधिक हो गया है। पहले यहां 19 बड़े पुल थे और आज इनकी संख्या करीब 75 हो गई है। हेलीपैड की संख्या भी 7 से बढ़कर 40 से अधिक हो गई है। पीएम मोदी ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि आज लद्दाख की प्रगति और विकास में एक और अध्याय जुड़ रहा है। मुझे खुशी है कि मैं तकनीक के माध्यम से इस अवसर का हिस्सा बन रहा हूं। लद्दाख में कई अहम विकास परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। इन परियोजनाओं से कई लोगों का सफर आसान होगा। कहीं बिजली की सुविधाएं बेहतर होंगी तो कहीं पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और हमारी प्राचीन विरासत के संरक्षण को भी नई ताकत मिलेगी

### यात्रा का समय बचेगा व्यापार और कारोबार बढ़ेंगे

उन्होंने कहा कि निम्मू पदम दारचा सड़क लद्दाख के लोगों को समर्पित की गई है। इस पर करीब 2,500 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। पहले जिस सफर में करीब 12 घंटे लगते थे, वो अब लगभग 3 घंटे में पूरा हो सकेगा। इससे यात्रा का समय भी बचेगा और इस रोड से व्यापार और कारोबार को भी और मदद मिलेगी।

### लद्दाख का विकास केंद्र की बढ़ी प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि हमेशा से यह कहा जाता है कि लद्दाख में प्रकृति के कारण जीवन बहुत मुश्किल होता है। प्राकृतिक वातावरण की अपनी चुनौतियां होती हैं। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसी परिस्थितियों के बावजूद पहले की सरकारों ने लद्दाख के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। आज केंद्र के लिए लद्दाख का विकास बहुत बड़ी प्राथमिकता है।

### इन्हें किया समर्पित

- लद्दाख में 3,350 करोड़ की 5 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- लेह एयरपोर्ट को 640 करोड़ का नया टर्मिनल, 298 किमी लंबी सड़क भी राष्ट्र को समर्पित।
- बिजली और पानी की सुविधाएं होंगी बेहतर, देश के पहले पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क की भी शुरुआत।

### बिजली सप्लाई बेहतर बनाने के लिए दो बड़े प्रोजेक्ट

लद्दाख में बिजली की सुविधाएं मजबूत करने के लिए पीएम मोदी ने 9 मेगावाट के हानू स्मॉल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट और 66 केवी की डबल-सर्किट दाह-हानू-खाल्त्सी ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन किया।इन परियोजनाओं से बिजली सप्लाई बेहतर होने की उम्मीद है। साथ ही क्षेत्र में रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा।

### 40 गांवों में पानी की समस्या दूर करने की पहल

पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट हिम सरोवर शुरू किया गया है। इसके तहत लद्दाख के 40 गांवों में 40 जलाशय विकसित किए गए हैं।यह पहल मिशन अमृत सरोवर से जुड़ी है। इसका उद्देश्य लद्दाख जैसे ठंडे, शुष्क इलाके में पानी का संरक्षण करना और सलोगों के लिए जल उपलब्धता बेहतर बनाना है। देश का पहला पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क भी शुरू किया।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में लद्दाख में बुनियादी ढांचे और जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आया



लेह/जम्मू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लद्दाख में 5विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किए जाने के बाद लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने केंद्र सरकार के कार्यों की सराहना की। सक्सेना ने कहा कि 2019 में लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और जीवन स्तर में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पांच नई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लद्दाख के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। इनसे संपर्क व्यवस्था, जल सुरक्षा, बिजली आपूर्ति और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

## रूपकुमारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बिरला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा

# कांग्रेस का फेमिनिज्म हैशटैग से शुरू होता है, पर छात्राओं के न्याय पर राहुल- प्रियंका चुप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की महिला सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। सांसद बांसुरी स्वराज ने बताया कि आज रूपकुमारी चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। डी. पुरंदेश्वरी ने जेएनयू की 11 छात्राओं द्वारा कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों और आंतरिक समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाए। रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि 9 अक्टूबर को विश्वविद्यालय से बर्खास्तगी के बावजूद कांग्रेस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर भाजपा ने सांसद के निलंबन और निष्कासन की मांग की।

■ बिमोल पर यौन उत्पीड़न के आरोपों पर कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाए

बांसुरी स्वराज ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि कन्या पूजन का कितना महत्व है। लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस का हाथ सदैव महिलाओं के शोषणकर्ताओं के साथ रहता है। नवदुर्गा की अवहेलना करने वाली कांग्रेस पार्टी के मौजूदा सांसद बिमोल अकोइजम पर 11 छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। जेएनयू की आंतरिक समिति ने इन छात्राओं की शिकायतों में सच्चाई और तथ्य पाए। इसी आधार पर 9 अक्टूबर 2026 को बिमोल अकोइजम को जेएनयू की नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। लेकिन इस पूरे मामले पर राहुल गांधी की चुप्पी हैरान करने वाली है। प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी भी पूरी तरह मौन हैं। 'स्मैश द पैट्रियार्की' का नारा देते समय राहुल गांधी की आवाज भले ही बुलंद रहती हो, लेकिन जब बिमोल अकोइजम की बात आती है, तो उनकी आवाज क्यों बंद हो जाती है? ऐसा इसलिए है, क्योंकि कांग्रेस सिद्धांतों की नहीं, बल्कि सहूलियत की राजनीति करती है।

डी. पुरंदेश्वरी ने कहा कि जेएनयू में हुई इस बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना के सभी पहलू सामने आ चुके हैं। शिकायतें सामने आते ही विश्वविद्यालय के कुलपति ने एक आंतरिक समिति का गठन किया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा कि बिमोल अकोइजम उन 11 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने के दोषी हैं। कुछ दिन पहले हमने बिमोल अकोइजम का एक साक्षात्कार देखा, जिसमें वे बड़े गर्व के साथ कह रहे थे कि उनके खिलाफ 11 नहीं, बल्कि 15 शिकायतें दर्ज की गई थीं। इनमें से तीन शिकायतें लड़कों की थीं। यह सोचकर ही हैरानी होती है और उनकी कल्पना से भी परे है कि कोई व्यक्ति इतने गर्व के साथ कैसे कह सकता है कि उसके खिलाफ 15 शिकायतें दर्ज हैं।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड

# राहुल ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र, सिक्किम के राज्यपाल की नियुक्ति पर पुनर्विचार की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल दुश्यंत गौतम की नियुक्ति पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने मांग की है कि सीबीआई की जांच पूरी होने तक गौतम पदभार ग्रहण न करें। पत्र में राहुल गांधी ने इस मामले में कथित वीआईपी की पहचान का सवाल उठाते हुए जांच में देरी पर भी चिंता जताई है। पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि उत्तराखंड के ऋषिकेश के निकट वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करने वाली 19 वर्षीय अंकिता भंडारी की 18 सितंबर 2022 को हत्या कर दी गई थी। पत्र के अनुसार, रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य और उसके दो कर्मचारियों को इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। राहुल गांधी ने पत्र में आरोप लगाया कि अंकिता पर वीआईपी मेहमानों को 'विशेष सेवाएं' देने का दबाव बनाया गया था और इनकार करने पर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में कथित वीआईपी की पहचान का सवाल अब तक अनुत्तरित है।

### वीआईपी की पहचान को लेकर सीबीआई जांच का उल्लेख

राहुल गांधी ने कहा कि इस वर्ष जनवरी में उत्तराखंड में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद राज्य सरकार ने कथित वीआईपी की पहचान से जुड़े सवाल की जांच सीबीआई को सौंपी थी। उनके अनुसार, जांच अब भी जारी है और इसमें काफी धीमी प्रगति हो रही है। पत्र में राहुल गांधी ने दुश्यंत गौतम की नियुक्ति पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अंकिता के परिवार सहित कुछ लोग उन्हें इस मामले से जोड़कर आरोप लगाते रहे हैं। हालांकि, पत्र में लगाए गए इन आरोपों को जांच के निष्कर्ष या न्यायिक रूप से प्रमाणित तथ्य के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

### राष्ट्रपति से सरकार को सलाह पर पुनर्विचार के लिए कहने का आग्रह

राहुल गांधी ने पत्र में कहा कि राज्यपाल एक राज्य के संवैधानिक प्रमुख होते हैं और उनके पद की गरिमा के लिए जनता का विश्वास आवश्यक है। उन्होंने तर्क दिया कि राज्यपाल को पद पर रहते हुए आपराधिक कार्यवाही से संबंधित संवैधानिक संरक्षण प्राप्त होता है। इसी आधार पर उन्होंने आशंका जताई कि नियुक्ति से जांच और संभावित अभियोजन की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। उन्होंने राष्ट्रपति से संविधान के अनुच्छेद 74(1) के तहत केंद्र सरकार को नियुक्ति संबंधी सलाह पर पुनर्विचार करने के लिए कहने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने अनुरोध किया कि सीबीआई की जांच पूरी होने तक दुश्यंत गौतम पदभार ग्रहण न करें।

## मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर की हत्या, संगरूर में गुलजार की मौत और मोहनजीत के साथ कथित पुलिस यातना

# पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों की सुरक्षा पर राहुल गांधी ने उठाए सवाल, भगवंत मान से मांगा जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर आप सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से पूछा है कि राज्य में नशे के खिलाफ अभियान चलाने वालों की हिफाजत कौन करेगा। राहुल ने मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर हत्या, संगरूर में मजदूर गुलजार सिंह की मौत और नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले मोहनजीत सिंह के साथ कथित पुलिस यातना के मामलों का उल्लेख करते हुए राज्य सरकार की जवाबदेही पर सवाल खड़े किए। राहुल ने एक्स पर अपनी पोस्ट में आरोप लगाया कि पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाना जानलेवा होता जा रहा है और ऐसा मान के नेतृत्व वाली सरकार के शासन में हो रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं का भविष्य तबाह करने वाले नशे के कारोबार को खत्म किए बिना कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी।

### मानसा में फेसबुक लाइव के दौरान गोलीबारी

राहुल ने मानसा में नशा विरोधी अभियान चलाने वाले परविंदर सिंह झोटा की हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि वह 'नशा रोको, रोजगार दो' अभियान चला रहे थे। घटना का वीडियो उनके फेसबुक लाइव प्रसारण में दर्ज हुआ। झोटा मेडिकल स्टोर संचालक अश्विनी कुमार से कथित तौर पर नशीली दवाओं की बिक्री को लेकर सवाल कर रहे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ा और गोलीबारी हुई। पुलिस ने मुख्य आरोपी अश्विनी कुमार को राजस्थान के सालासर से गिरफ्तार किया। घटना के बाद मानसा में व्यापक आक्रोश देखने को मिला। झोटा के परिजनों ने न्याय मिलने तक अंतिम संस्कार नहीं करने की बात कही और मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने की मांग उठाई। विरोध के दौरान आरोपी के मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ और आगजनी की भी खबरें आईं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी है। मान ने कहा है कि मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच कराई जाएगी तथा किसी भी साजिश में शामिल पाए जाने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### शिकायत करने वाले को ही आरोपी बनाने का आरोप

राहुल गांधी ने झोटा के मामले में यह भी सवाल उठाया कि जब उन्होंने शिकायत की तो प्राथमिकी दर्ज हुई, लेकिन बाद में पुलिस ने उन्हें भी आरोपी बना दिया। राहुल गांधी ने इसे कानून-व्यवस्था और शिकायतकर्ताओं की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर प्रश्न बताते हुए पूछा कि ऐसी स्थिति में नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ आवाज उठाने का साहस कौन करेगा। झोटा के मामले में पुलिस कार्रवाई और दर्ज मामलों की पूरी कानूनी स्थिति जांच के अधीन है। इसलिए यह स्पष्ट होना जरूरी है कि किस शिकायत पर कौन-सी प्राथमिकी दर्ज हुई, किन धाराओं में किसे आरोपी बनाया गया और संबंधित कार्रवाई का आधार क्या था।

### मुख्यमंत्री के गृह जिले में गुलजा की मौत का मामला

राहुल ने संगरूर जिले के गुलजार सिंह की मौत का मामला भी उठाया। गुलजार ने पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के सामने अपने गांव में नशे की समस्या का मुद्दा उठाया था। उनके परिवार ने आरोप लगाया कि इसके बाद उन पर माफी मांगने का दबाव बनाया गया। परिवार के अनुसार, इस घटनाक्रम के बाद गुलजारने जहरीला पदार्थ खा लिया और 7 सितंबर को उनकी मौत हो गई। गुलजारने मंत्री के समक्ष गांव में 'चिट्टा' यानी नशीले पदार्थों की उपलब्धता का सवाल उठाया था। उनके परिवार और कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर उनसे माफी मांगने के लिए कहा गया और उन्हें मानसिक दबाव का सामना करना पड़ा। हालांकि, स्थानीय सरपंच पक्ष ने धमकाने या माफी के लिए दबाव डालने के आरोपों से इनकार किया है। मामले की जांच जारी रहने की खबरें हैं। राहुल गांधी ने इस घटना को मुख्यमंत्री के गृह जिले में नशे के मुद्दे पर आवाज उठाने वालों की स्थिति से जोड़ते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा।

### मोहनजीत सिंह के साथ कथित पुलिस यातना का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

राहुल गांधी ने संगरूर जिले के शेरों गांव के मोहनजीत सिंह के मामले का भी उल्लेख किया। मोहनजीत सिंह ने 2 सितंबर को मुख्यमंत्री भगवंत मान के कार्यक्रम के दौरान नशे की समस्या को लेकर विरोध जताया था। इसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया।

## सीएम ने सभी निवेशकों को अगले साल होने वाले हैपनिंग हरियाणा के लिए दिया न्योता

### मेक इन इंडिया अभियान में मेक विद स्वीडन निभाएगा महत्वपूर्ण भागीदारी

# मुख्यमंत्री सैनी ने स्वीडिश कंपनियों के प्रतिनिधियों से राउंड टेबल वार्ता की, निवेश का आमंत्रण भी दिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वीडिश कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ राउंड टेबल वार्ता की। इस दौरान उन्होंने स्वीडिश उद्योगपतियों को हरियाणा में आकर निवेश करने का न्यौता दिया। वार्ता में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया और मेड विद स्वीडन के साझा प्रयासों को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने उल्लेख किया कि मई 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वीडन यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का नया स्वरूप प्रदान किया है। दोनों देशों की साझा पंचवर्षीय कार्य योजना ने सहयोग के लिए स्पष्ट दिशा दी है। दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में व्यापार और निवेश सहित आर्थिक आदान-प्रदान को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। भारत एशिया में स्वीडन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

सैनी ने हरियाणा की निवेश क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुशल मानव संसाधन, मजबूत औद्योगिक आधार और देश के बड़े बाजारों से उत्कृष्ट संपर्क हरियाणा को निवेशकों के लिए पहली पसंद बनाते हैं। हरियाणा उत्तर भारत के बड़े बाजारों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इन्वेस्ट हरियाणा सिंगल विंडो सिस्टम को और मजबूत किया है, जिससे निवेश प्रक्रिया सरल और तेज हो गई है।

मुख्यमंत्री ने स्वीडिश कंपनियों के हरियाणा में मौजूद निवेश को भरोसे का उदाहरण बताते हुए कहा कि गुरुग्राम में स्वीडिश कंपनी आइकिया की 3500 करोड़ रुपये की एकीकृत परियोजना राज्य पर उनके विश्वास को दर्शाती है। झज्जर की मेट सिटी में स्वीडन की सब कंपनी अपना कार्ल गुस्ताफ विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही है। फरीदाबाद में स्वीडिश-स्विस समूह एबीबी की वर्ष 1951 से शुरू हुई विनिर्माण इकाई आधुनिक इलेक्ट्रिक मोटरों का प्रमुख उत्पादक केंद्र है। इसके अलावा, स्वीडिश शिक्षा संस्था कुन स्कापसकोलन का पहला भारतीय विद्यालय वर्ष 2013 में गुरुग्राम में खोला गया था।

मुख्यमंत्री सैनी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई स्वीडिश कंपनी भारत में नया कदम रखने की सोच रही है, तो हरियाणा बातचीत के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने स्वीडिश कंपनियों को हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2027 में भाग लेने और राज्य के साथ सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया।

### जियो के एमडी ने कहा, कंपनी प्रति गीगाबाइट डेटा के लिए 4.9 रुपये लेती है

# जियो शुल्क बढ़ाने के बजाय अतिरिक्त सेवाओं से बढ़ाएगी आय: आकाश अंबानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल एवं दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अपना प्रति ग्राहक औसत राजस्व (एआरपीयू) बढ़ाने के लिए कंपनी शुल्क बढ़ाने के बजाय अतिरिक्त सेवाओं की पेशकश पर अधिक ध्यान देगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर दरें बढ़ाने का विकल्प भी है। जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रस्तावित 30,213 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अंबानी ने कहा कि कंपनी प्रति गीगाबाइट डेटा की कीमत बढ़ाने के बजाय ग्राहकों को अतिरिक्त सेवाएं देकर उनसे अधिक राजस्व अर्जित करना चाहती है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास शुल्क बढ़ाने की क्षमता हमेशा रहती है।''

**दूरसंचार उद्योग का औसत लगभग 7.5 रुपये है**

**कंपनी के ग्राहकों की औसत मासिक डेटा खपत 43.7 जीबी है**




#### शुल्क बढ़ाने की कोई समयसीमा नहीं बताई

हालांकि, उन्होंने शुल्क बढ़ोतरी की कोई समयसीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि 2016 में जियो के दूरसंचार बाजार में कदम रखने के बाद से भारत की प्रति व्यक्ति आय में दूरसंचार पर प्रति उपयोगकर्ता खर्च की हिस्सेदारी घटकर करीब एक प्रतिशत रह गई है, जो पहले की तुलना में लगभग आधी है।

#### 2030 तक 6जी सेवाएं शुरू करने की स्थिति में

आकाश अंबानी ने कहा कि कंपनी 6जी प्रौद्योगिकी पर काम कर रही है और 2030 के दशक की शुरुआत में इसे वाणिज्यिक रूप से शुरू करने की स्थिति में होगी। जियो 6जी नेटवर्क शुरू करने के लिए नए बुनियादी ढांचे के निर्माण के बजाय सॉफ्टवेयर अपडेट आधारित व्यवस्था पर विचार कर रही है।

#### जियो सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करना चाहता है

आकाश अंबानी ने कहा कि जियो प्रति गीगाबाइट डेटा के लिए करीब 4.9 रुपये लेती है, जबकि उद्योग का औसत लगभग 7.5 रुपये है। कंपनी के ग्राहकों की औसत मासिक डेटा खपत 43.7 जीबी है। उन्होंने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2030-31 तक 1,400 अरब डॉलर का होने का अनुमान जताते हुए कहा कि जियो इसमें बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है।

#### शेयर का मूल्य दायरा 1,065 से 1,119 रुपये

अंबानी ने कहा कि विदेशी कारोबार से होने वाली आय की हिस्सेदारी कंपनी के शुरुआती अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के जुड़ने के बाद स्पष्ट होगी। कंपनी विवरण के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में उसके कुल राजस्व में भारत की हिस्सेदारी 96.62 प्रतिशत थी। जियो प्लेटफॉर्म्स ने आईपीओ के लिए प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। निर्गम में 10 रुपये अंकित मूल्य वाले अधिकतम 27 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे।

#### 5जी आधार सबसे बड़ा

अंबानी ने कहा कि चीन के बाहर जियो का 5जी ग्राहक आधार सबसे बड़ा है। इस दौरान कंपनी का एआरपीयू 215.6 रुपये रहा।
कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 76,225 करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ दर्ज किया था। वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 के बीच इसमें 17.8 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर रही।

#### जियो फिक्स्ड ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 2.86 करोड़

अंबानी ने घरेलू ब्रॉडबैंड को कंपनी की वृद्धि का प्रमुख आधार बताया। उनके मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में जियो के फिक्स्ड ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 2.86 करोड़ थी और देश में इस दौरान जुड़े नए फिक्स्ड ब्रॉडबैंड ग्राहकों में कंपनी की हिस्सेदारी 67.5 प्रतिशत रही।

## पूर्व जीएम हरभजन सिंह प्रतिष्ठित 'डोयेन ऑफ द डिकेड' पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पूर्व संयुक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क एवं कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस) तथा पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी, दिल्ली के वरिष्ठ सदस्य श्री हरभजन सिंह को जनसंपर्क एवं संचार के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित अटल शस्त्र मार्केनोमी 'डॉयेन ऑफ दा डिकेड' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह राष्ट्रीय सम्मान मुंबई में आयोजित 11वें अटल शस्त्र मार्केनोमी अवार्ड 2026 के अवसर पर प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल ने एएआई में अपने विशिष्ट कार्यकाल के दौरान कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, मीडिया प्रबंधन और जनसंपर्क के क्षेत्र में श्री सिंह की उत्कृष्ट सेवाओं, असाधारण नेतृत्व क्षमता तथा आजीवन योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें इस सम्मान के लिए चुना। अपरिहार्य व्यक्तिगत कारणों के चलते श्री सिंह मुंबई में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। इसी के तहत, यह प्रतिष्ठित सम्मान आज नई दिल्ली में पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी, दिल्ली के अध्यक्ष श्री जी.एस. बावा द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से सौंपा गया।। हरभजन सिंह को इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए श्री जी.एस. बावा ने कहा कि पीआरएसडी का समूचा परिवार उनकी इस सफलता पर गौरवान्वित है। श्री सिंह को नई पीढ़ी के पेशेवरों के लिए एक प्रेरणादायी मार्गदर्शक के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा।

## मां के पंचम स्वरुप "स्कन्दमाता" की पूजा अर्चना

**नई दिल्ली।** प्राचीन ऐतिहासिक झण्डेवाला देवी मंदिर मे आज शारदीय नवरात्र मेले के पांचवें दिन मां के पंचम स्वरूप "स्कन्द माता" का श्रृंगार व पूजा अर्चना पूर्ण विधि-विधान से की गई। माँ भगवान स्कन्द "कुमार कार्तिकेय" के नाम से भी जानी जाती हैं। चतुर्भुजी माँ "स्कन्दमाता" का वाहन मयूर है इसलिए इन्हें "मयूरवाहन" के नाम से भी जाना जाता है। माँ स्कन्द माता की उपासना से भक्तों की समस्त इच्छाएँ पूर्ण होती हैं। भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली माँ झण्डेवाली के मंदिर मे माँ का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्तों का माँ के प्रति श्रद्धा व उत्साह देखते ही बनता है। मंदिर के सेवादार आने वाले भक्तों को माँ के दर्शन सुचारु रूप से हो सके इसके लिये सदैव तत्पर रहते हैं और भक्तों का मार्ग दर्शन करते हैं। मंदिर प्रबंधन की ओर से सुरक्षा के समस्त प्रबंध किये गये हैं। मंदिर व आसपास के क्षेत्रों में 300 सी सी टी वी कैमरे लगाये गये है जिन पर सुरक्षा कर्मी व पुलिस की टीमें हर समय नजर रखती हैं।

## रुपये की मजबूती से सोने की चमक फीकी पड़ी, चांदी भी 6,000 टूटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रुपये में मजबूती और हाजिर मांग कमजोर रहने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। सोना 900 रुपये टूटकर 1,49,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सभी करों सहित 900 रुपये घटकर 1,49,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। बुधवार को सोना 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। इसका भाव पिछले बंद स्तर 2.21 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से 6,000 रुपये घटकर 2.15 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। ये कीमतें सभी करों सहित हैं। रुपये में मजबूती और भौतिक बाजार में कमजोर मांग के कारण घरेलू बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों पर दबाव बना रहा।

#### रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 95.05 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपए में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे मजबूत होकर 95.05 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विदेशी मुद्रा बाजार में लगातार किए जा रहे संरचनात्मक हस्तक्षेपों के असर के बीच घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। कारोबारियों ने रुपये में लगातार आ रही मजबूती का श्रेय केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप और डॉलर में तेजी की उम्मीद पर लगाए गए सौदों को वापस लेने को दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.95 प्रति डॉलर पर खुला।


**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T38, दि. - 14.10.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु 'खुली' ई निविदा आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत गौरी बाजार, भटनी और चौरी–चौरा स्टेशनों (भाग–ए) पर में 24 कोच के लिए प्लेटफॉर्म के विस्तार और ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में 25 के.वी. विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंस नं. SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T38, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 105558090.47, धरोहर राशि रूपया में : ₹ 211200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 05.11.2026 upto 14:45 hrs, कार्य पुरा करने की अवधि : 9 माह • खुली ई–निविदा दिनांक 05.11.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकें गे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/ वाराणसी
मुजाधि/विद्युत – 221

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 107-SRDEE-G-DLI-2026-27 SSE/PS/PNP और SSE/PS/KKDE सेक्शन (फेज–I) के अधिकार क्षेत्र में आने वाली रेलवे कॉलोनियों के लिए ABC/इंसुलेटेड सिंगल कोर कंडक्टर/UG केबल की व्यवस्था। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू. 36509341.00/– |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, 110055 |
| बयाना राशि | रू. 730200.00/– |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 06.11.2026 13:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 06.11.2026 13:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3599/26



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महमूद उर्फ मोहम्मद मामून, पुत्र बाबू अहमद उर्फ मोहम्मद बाबुल निवासी रिजवान का मकान, नफीशा मस्जिद के पास, सराय काले खां, नई दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 319/2025 धारा 317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना हज़रत निजामुद्दीन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **महमूद उर्फ मोहम्मद मामून** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **महमूद उर्फ मोहम्मद मामून** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 319/2025 धारा 317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना हज़रत निजामुद्दीन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **महमूद उर्फ मोहम्मद मामून** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.11.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मनुज कौशल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-3, दक्षिण-पूर्वी
कमरा नं.512, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14789/SE/2026


## एस्सार ऑयल को तीन राज्यों में मिले सीबीएम के पांच ब्लॉक (नई दिल्ली)।

एस्सार समूह की कंपनी एस्सार ऑयल एंड गैस लि. को पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में 'कोयला परतों में मौजूद मीथेन गैस' (सीबीएम) के पांच ब्लॉक मिले हैं।

## रक्षा राज्य मंत्री ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त सम्मेलन की अध्यक्षता की




**नई दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री (आरआरएम) श्री संजय सेठ ने 15 अक्टूबर 2026 को असम के गुवाहाटी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा आयोजित राज्य प्रतिनिधियों और अपर महानिदेशकों के विशेष संयुक्त सम्मेलन 2026' में हिस्सा लिया। इस आयोजन में पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर), पश्चिम बंगाल और सिक्किम में एनसीसी के विस्तार, संगठन को मजबूत बनाने तथा उसकी कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। रक्षा राज्य मंत्री ने इस सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) में पूर्वोत्तर राज्यों के कैडेटों की भागीदारी और महिला कैडेटों की बढ़ती संख्या की सराहना की। श्री संजय सेठ ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एनसीसी के योगदान का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री के उस विजन को साकार करने पर जोर दिया, जिसके तहत एनसीसी की वर्तमान क्षमता लगभग 17 लाख कैडेटों से बढ़ाकर 20 लाख करने का लक्ष्य है। श्री संजय सेठ ने युवाओं में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना विकसित करने और उन्हें इस दिशा में प्रेरित करने के महत्व को भी रेखांकित किया। रक्षा राज्य मंत्री ने सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी नौ राज्यों से एनसीसी के विस्तार के लिए व्यावहारिक और क्रियान्वयन योग्य योजनाएं तैयार करने तथा उन्हें लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने और कैडेटों के लिए प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार पर जोर देते हुए इस दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। रक्षा राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उस कथन का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि एनसीसी भारत की युवा शक्ति को सशक्त बनाने वाला ऐसा आंदोलन है, जो युवाओं को आत्मविश्वासी, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित बनाता है।

## थेस्पिस राष्ट्रीय माइक्रो ड्रामा महोत्सव के लिए नाट्य-पटकथाएं आमंत्रित

**नई दिल्ली।** "कला मानवता के लिए" के मूल मंत्र के साथ कार्यरत संस्था वृक्ष द थिएटर ने थेस्पिस राष्ट्रीय माइक्रो ड्रामा महोत्सव के छठे संस्करण के लिए मौलिक एवं रूपांतरित नाट्य-पटकथाएँ आमंत्रित की हैं। यह महोत्सव 14 फरवरी 2027 को नई दिल्ली के कॉपरनिकस मार्ग स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में एक ही दिन में चयनित 30 माइक्रो ड्रामा का मंचन किया जाएगा। प्रत्येक प्रस्तुति की अधिकतम अवधि 10 मिनट निर्धारित की गई है। नाट्य-पटकथाएँ 1 अक्टूबर से 30 नवंबर 2026 तक आमंत्रित की जाएँगी। इस महोत्सव के लिए मौलिक नाटकों के साथ-साथ अन्य रचनाओं के रूपांतरण भी विचारार्थ स्वीकार किए जाएँगे। चयन प्रक्रिया के बाद केवल 30 पटकथाओं को महोत्सव में मंचन के लिए चुना जाएगा। इच्छुक नाटककारों, रंगकर्मियों और रचनात्मक लेखकों से आग्रह है कि वे अपनी रचनाएँ भेजें और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के इस अवसर का लाभ उठाएँ। पिछले वर्षों में थेस्पिस राष्ट्रीय माइक्रो ड्रामा महोत्सव ने विभिन्न भाषाई और सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से आने वाले रंगकर्मियों तथा दर्शकों को एक मंच पर लाकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।


**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान
प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

### कच्चे तेल की नरमी से घरेलू बाजार में तेजी रही

# बाजार में तूफानी तेजी से सेंसेक्स 1,534 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी आई। कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच बैंक, आईटी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,534 अंक चढ़कर तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 23,000 अंक के करीब रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,533.72 अंक चढ़कर 74,315.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,548.4 अंक चढ़कर 74,330.29 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 374.65 अंक चढ़कर 22,997.35 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी का 25 सितंबर के बाद उच्चतम स्तर है।

**निफ्टी 374 अंक उछलकर 23,000 अंक के करीब**

#### इन शेयरों में रहा नफा-नुकसान

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 4.61 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक में 4.17 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 2.94 प्रतिशत, इटर्नल में 2.77 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.58 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक में 2.51 प्रतिशत और टीसीएस में 2.28 प्रतिशत की तेजी रही।



#### जियो के आईपीओ का मूल्य दायरा तय

रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 4.03 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस की दूरसंचार और डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 1,065 से 1,119 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इससे ऊपरी स्तर पर करीब 30,213 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं।

**एशियाई बाजार में रही गिरावट**

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे। चीन में शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | एचटीईटी–2026 परीक्षा और अन्य परीक्षाओं के लिए मैटल डिटेक्टर द्वारा तलाशी लेना। | 15.10.2026 02.11.2026 | रु. 40,00,000/- | http://www.bseh.org.in | 9466568111 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/50236/1/88/7 दि. 15.10.26








### जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच आज शाम 7 बजे से

# स्मृति मंधाना की कप्तानी में नए युग की शुरुआत करेगी भारतीय महिला टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत शुक्रवार को रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में जब नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना के नेतृत्व में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ नए युग की शुरुआत करेगा तो उसकी निगाह अपने खेल को और बेहतर बनाने पर होगी। यह पहला अवसर है जबकि भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में एक-दूसरे का सामना करेंगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा। इस मैच को लेकर क्रिकेट फैंस में गजब का उत्साह देखा जा रहा है।

### एशियाई स्तर पर टीम का दबदबा कायम

भारतीय टीम ने हाल में एशियाई स्तर पर अपना दबदबा साबित किया लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विशेषकर छोटे प्रारूप में उसे अभी काफी सुधार करने की जरूरत है। भारत का टी20 विश्व कप में पिछले दो टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था जिससे उसकी कमजोरी भी खुलकर सामने आ गई। टीम को अगर ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को लगातार चुनौती देनी है तो उसे खेल के तीनों विभाग में सुधार करना होगा।



### हम निर्भीक होकर समझदारी भरा टी-20 खेलना चाहते हैं : शेफाली

उप-कप्तान शेफाली वर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर होने वाली महिला चैंपियंस ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए निर्भीक अंदाज में, लेकिन समझदारी के साथ क्रिकेट खेलना चाहती है। भारतीय महिला टीम पहली बार द्विपक्षीय सीरीज में जिम्बाब्वे का सामना करेगी। यह टी20 सीरीज फरवरी में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट की तैयारियों का हिस्सा है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच यहां तीन मैच की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद दोनों टीम तीन वनडे मैच की सीरीज के लिए वडोदरा जाएंगी। सीरीज के पहले मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बात करते हुए शेफाली ने कहा, ''हमने इस बारे में चर्चा की है कि चैंपियंस ट्रॉफी तक हमें इस सीरीज में निडर होकर और समझदारी के साथ क्रिकेट खेलना है।

### हरमनप्रीत का फॉर्म चिंता का विषय

इसके अलावा पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर की खराब फॉर्म भी चिंता का विषय बनी हुई है। हरमनप्रीत अब टीम में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेगी जिससे उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव और भी बढ़ जाएगा। भारत को निचले क्रम में ऋचा घोष का साथ देने के लिए कुछ और पावर हिटर तैयार करने की भी जरूरत है।

### क्षेत्र रक्षण में काफी सुधार करने की जरूरत

पिछले कुछ समय में भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा है और टीम को इस विभाग में काफी सुधार करने की जरूरत है। अगर गेंदबाजी विभाग की बात करें तो नंदनी शर्मा का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू रहा है लेकिन अगर संपूर्ण तेज गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो उन्हें अपना प्रभाव छोड़ने के लिए अधिक बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत रही है

स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत रही है, जिसमें युवा श्री चरणी ने शानदार प्रदर्शन किया है। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपनी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान किया है जबकि बीच के ओवरों में विकेट लेने के लिए लेग-ब्रेक गेंदबाज प्रेमा रावत को अधिक अवसर दिए जाने चाहिए। टीम में शामिल नए चेहरों में निक्की प्रसाद और जिंतिमानी कलिता शामिल हैं।



### आत्म विश्वास से भरी है जिम्बाब्वे

यह श्रृंखला जिम्बाब्वे के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उसकी टीम ने हाल में वेस्टइंडीज को वनडे मैच में हराया था जिससे वह आत्मविश्वास से भरी हुई है। टीम की कप्तानी जोसेफिन नकोमो करेंगी। टी20 मैचों के बाद दोनों टीमें वडोदरा में तीन वनडे मैच खेलेंगी।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** स्मृति मंधाना (कप्तान), शेफाली वर्मा, निकी प्रसाद, हरमनप्रीत कौर, अनुष्का शर्मा, ऋचा घोष, जी कमलिनी, दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिंतिमानी कलिता, मिन्नू मणि।

**जिम्बाब्वे:** जोसेफिन नकोमो (कप्तान), बिलव्ड बिजा, चिपो मुगेरी-तिरिपानो, केलिस नधलोवु, मिशेल मावुंगा, न्याशा ग्वानजुरा, नोम्पिलो सिबांडा, लोरिन फिरी, चिएजा दुरुरु, मोडेस्टर मुपाचिक्वा, तेंदानेई मायकुशा

## खबर संक्षेप

### चैंपियन यूएई बुल्स की यस लायंस से होगी भिडंत

अबुधाबी। गत चैंपियन यूएई बुल्स सात नवंबर को अबुधाबी टी10 लीग में यस लायंस के खिलाफ अपने खिताब का बचाव करने की शुरुआत करेगी। बीस नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 32 मैच होंगे जिसमें शुरुआती दिन का तीन मुकाबले होंगे। दो सप्ताह तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रॉयल डेजर्ट चैंपियंस का सामना एमिरेट्स ईगल्स से होगा जबकि इससे पहले यूएई बुल्स का मुकाबला यस लायंस से होगा।

### विनीसियस जूनियर पर चार मैच का प्रतिबंध लगा

**मैड्रिड।** रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर को शनिवार को विलारियल के खिलाफ खेले गए मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के बाल खींचने के लिए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में चार मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस तरह से विनीसियस बार्सिलोना के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। बाल खींचने पर दिखाया था लाल कार्ड विनीसियस को विलारियल के खिलाफ मैच के 73वें मिनट में नाथन सलीबा के बाल ज़ोर से खींचने के लिए सीधा लाल कार्ड दिखाया गया था।

# टी-20 अंतरराष्ट्रीय : एक पारी में 50 से ज्यादा रन सात बार लुटा चुके हैं अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए रन रोकना हमेशा बड़ी चुनौती रहा है। इस प्रारूप में बल्लेबाज तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं, जिससे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। कई बार भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजों को भी एक पारी में जमकर रन खर्च करने पड़े हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन भारतीय गेंदबाजों के बारे में, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन दिए हैं।

### अर्शदीप सिंह (7 बार)

भारतीय टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इस सूची में पहले स्थान पर हैं। वह अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 95 पारियों में 7 बार एक पारी में 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में 8.62 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। वह 4 मेडन ओवर भी डाल चुके हैं। उन्होंने 20.30 की औसत से 145 विकेट अपने नाम किए हैं।



### अक्षर, कृष्णा और वरुण 3-3 बार बार दिए 50+ रन

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 गेंदबाज हैं। प्रसिद्ध कृष्णा, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 3-3 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। प्रसिद्ध ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 11 की इकॉनमी से गेंदबाजी की है और 8 पारियों में 9 विकेट लिए हैं। वरुण ने 46 पारियों में 7.58 की इकॉनमी से 75 विकेट लिए हैं। अक्षर ने 104 पारियों में 7.64 की इकॉनमी से 113 विकेट चटकाए हैं।

### इन खिलाड़ियों ने दिए हैं 2-2 बार दिए 50+ रन

इस सूची में चौथे स्थान पर 9 भारतीय गेंदबाज संयुक्त रूप से मौजूद हैं। हर्षित राणा (12 पारियां), मोहम्मद सिराज (16 पारियां), क्रुणाल पांड्या (19 पारियां), हर्षल पटेल (24 पारियां), आवेश खान (24 पारियां), रवि बिश्नोई (53 पारियां), कुलदीप यादव (54 पारियां), जसप्रीत बुमराह (97 पारियां) और हार्दिक पांड्या (125 पारियां) ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 2-2 बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन खर्च किए हैं।

### युजवेंद्र चहल (4 बार)

भारतीय टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 80 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इसकी 79 पारियों में 4 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। इस खिलाड़ी ने 8.19 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। उन्होंने 2 मेडन के साथ 25.09 की औसत से 96 विकेट भी चटकाए हैं। चहल ने 2 बार 4 विकेट हॉल और एक बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।



### संन्यास का फैसला बदलने से सिकंदर रजा ने किया इनकार

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के वनडे और टी20 कप्तान सिकंदर रजा ने कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2027.30 चक्र में उनकी टीम के आने की संभावना के बावजूद अगले साल अफ्रीका में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप के बाद संन्यास का उनका फैसला नहीं बदलेगा। जिम्बाब्वे वनडे विश्व कप 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ सह मेजबान है। रजा ने मोबाइल गेमिंग प्लेटफॉर्म सिक्सर क्रिकेट द्वारा कराई गई बातचीत में कहा ,'' मेरे कैरियर का यह आखिरी दौर है और अपने देश में विश्व कप खेलना मेरे लिये वरदान से कम नहीं है।'' उन्होंने कहा ,'' हर क्रिकेटर का सपना विश्व कप खेलकर संन्यास लेने का होता है।

### डेनमार्क ओपन

# त्रीसा-गायत्री की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

एजेंसी ▶▶| वओडेन्से (डेनमार्क)

भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को इंडोनेशिया की रेचेल एलेस्या और रोज फेबी सेटियानिंगरम की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को सीधे गेम में हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अगस्त में नयी दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने इंडोनेशियाई जोड़ी को 45 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-17 से शिकस्त दी। अब क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना हांगकांग की युंग डा टिंग और युंग पुई लैम तथा मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

### श्रीकांत हारे मौजूदा विश्व चैंपियन से

इससे पहले किदांबी श्रीकांत ने अपने पुराने अंदाज की झलक दिखाई, लेकिन तीन गेम तक चले प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लानियर से हार गए। 2017 में चार खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरने वाले 33 वर्षीय श्रीकांत ने नौ साल बाद अपने शानदार नेट प्ले का प्रदर्शन करते हुए पहला गेम जीत लिया। लेकिन 21 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए एक घंटे छह मिनट में 11-21, 21-15, 21-15 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### जगशेर ने पदक किया पक्का

**काहिरा।** भारत के जगशेर सिंह खंगूरा ने बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन जूनियर विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के यु.आन-स्यू झुआंग को रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक सुनिश्चित किया। पंजाब के इस बैडमिंटन खिलाड़ी ने काहिरा इंटरनेशनल स्टेडियम में तीन गेम तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की।

### सीनियर टी20 ट्रॉफी में सोनी को दिल्ली की कमान

**नई दिल्ली।** सोनी यादव को 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली की कप्तान नियुक्त किया गया। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने एक बयान में कहा, ''सीनियर महिला चयन समिति की 14 अक्टूबर 2026 को बैठक हुई जिसमें टीम को अंतिम रूप दिया गया। सोनी यादव को कप्तान बनाया गया है, जबकि श्वेता सहरावत उपकप्तान और विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगी।

### टेनिस टूर्नामेंट

# एलिना स्वितोलिना वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| वुहान

पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बृहस्पतिवार को यहां वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली चीन की खिलाड़ी गुओ हान्यू को 6-1, 6-4 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गुओ ने पिछले मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त सोराना सिर्स्टिया को 1-6, 7-6 (6), 7-5 से हराकर उलटफेर किया था लेकिन स्वितोलिना के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

इससे पहले विंबलडन की फाइनलिस्ट और छठी वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 11वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर से 7-5, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका और दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला बुधवार को दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई थी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हिमांशु उर्फ सलमान उर्फ रांचो, पुत्र राजू, निवासी ई–73, ए–42, संजय कॉलोनी, गोविंद पुरी, दिल्ली–94 ने एफआईआर संख्या 68/20 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हिमांशु उर्फ सलमान उर्फ रांचो,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हिमांशु उर्फ सलमान उर्फ रांचो,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 68/20 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थाना कृष्णा नगर, दिल्ली के उक्त हिमांशु उर्फ सलमान उर्फ रांचो,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2027** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पी भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
ईस्ट जिला, कोर्ट नं.03,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14445/SHD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल पुत्र लक्ष्मी नाथ निवासी 189, सपेरा बस्ती, मोलरबंद, बदरपुर नई दिल्ली ने एफआईआर सं. 487/2022 धारा 379/356/411 भा.द.स. के तहत** थानाः कालिंदी कुंज, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 487/2022 धारा 379/356/411 भा.द.स. के तहत** थानाः कालिंदी कुंज, दिल्ली **के उक्त विशाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कवल सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–10
साउथ ईस्ट कोर्ट, कोर्ट नंबर 307,
साकेत कोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/14588/SE/2026



हरियाणा सरकार
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं
**विवादों से समाधान योजना (VSSS) 2026**

**ध्यान दें!**
HSVP प्लॉट धारकों के लिए सुनहरा अंतिम अवसर

अंतिम तिथि
31 दिसम्बर, 2026
अंतिम तिथि से पहले लाभ उठाएँ!

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (HSVP) पात्र आवंटियों को विवादों से समाधान योजना (VSSS) 2026 का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करता है। **103 सेक्टरों और लगभग 4,388 लाभार्थियों को सम्मिलित करने वाली इस योजना के अंतर्गत ₹724 करोड़ से अधिक की महत्वपूर्ण छूट प्रदान की जाएगी।** यह योजना **प्लॉट एन्हांसमेंट (Plot Enhancement)** से संबंधित विवादों के एकमुश्त समाधान का अवसर प्रदान करती है तथा उन आवंटियों को भी लाभ देती है जो पूर्व की योजनाओं का लाभ नहीं उठा सके थे।

**योजना की मुख्य विशेषताएं**

- **पात्रता:** आवासीय प्लॉटों के आवंटी, फ्लोर-वाइज पंजीकरण, ग्रुप हाउसिंग साइट्स, संस्थागत (Institutional) प्लॉट, औद्योगिक (Industrial) प्लॉट

- पात्र आवंटी अपने Plot ID और पासवर्ड का उपयोग करके HSVP पोर्टल पर अपनी निर्धारित छूट राशि देख सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए VSSS 2026 पोर्टल पर जाएं : **(https://vsss.hsvphry.org.in/)**

- यदि किसी प्रकार की जानकारी या सहायता की आवश्यकता हो, तो आवंटी अपने संबंधित HSVP एस्टेट कार्यालय से संपर्क करें या VSSS 2026 पोर्टल के माध्यम से अपना अनुरोध दर्ज करें।

- यदि डिफॉल्टर (बकायेदार) आवंटी निर्धारित अवधि के भीतर योजना का लाभ नहीं लेते हैं, तो लागू नियमों एवं विधिक प्रावधानों के अनुसार प्लॉट पुनः अधिग्रहण (Resumption) की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

**यह योजना पात्र मामलों के सरल, त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान का एक महत्वपूर्ण अवसर है। HSVP सभी पात्र आवंटियों से अनुरोध करता है कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।**

मुख्य प्रशासक
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
जी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला 134 109, हरियाणा।
Email: ao2branch24@gmail.com

विवादों से समाधान पोर्टल के लिंक के लिए
**https://vsss.hsvphry.org.in/** पर जाएं




ये जानकारी विदेश मंत्री ने यूएई में रायसीना संवाद-मध्य पूर्व कार्यक्रम के दौरान दी है

# वैश्विक परिदृश्य में 'बदलावों' के बीच विश्वसनीय साझेदारियां स्थापित करने में जुटा भारतः जयशंकर

## यूएई के विदेश मंत्री शेख अल नाहयान के साथ हुई बैठक, द्विपक्षीय, वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध के चिंताजनक हालात के बीच अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने उच्च-स्तरीय बैठकों के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों में भी भाग लिया है। जिसमें अबू धाबी में हुए रायसीना संवाद-मध्य पूर्व कार्यक्रम के दूसरे संस्करण में उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मध्य भारत अपनी क्षमताओं को मजबूत बनाने के अलावा भरोसेमंद साझेदारियों की तलाश में जुटा हुआ है। इस दौरान भारत-मध्य-पूर्व-यूरोप-आर्थिक गलियारा यानी आईमैक परियोजना जैसी संपर्क व्यवस्था को लेकर चल रहा विचार-विमर्श हमें जरूरी दिशा प्रदान कर रहा है। यह जानकारी उन्होंने एक्स पर अपनी एक पोस्ट के जरिए दी है। संवाद का विषय 'मध्य पूर्व महाद्वीपीय गलियारेः वैश्विक भूभाग के केंद्र को कौन जोड़ता है?' रखा गया था। यूएई के विदेश मंत्री भी इसमें शामिल हुए।



### उदारीकरण को बनाएं अधिक लचीला

उन्होंने ये भी कहा कि वर्तमान में किसी भी तरह से उदारीकरण की प्रक्रिया को उल्टा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इसमें पहले के मुकाबले अधिक लचीलापन और सुदृढ़ता को बनाए रखने की आवश्यकता है। जयशंकर के मुताबिक, प्रतिस्पर्धा की रफ्तार तेज हो गई है, दिनोंदिन अवरोध के नए बिंदु, स्थान सामने आ रहे हैं। जिससे और कुछ नहीं बल्कि अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने को लेकर इच्छाशक्ति में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

### नाहयान संग हुई बैठक का सार

अबू धाबी में ही भारत और यूएई के विदेश मंत्रियों के बीच एक द्विपक्षीय बैठक भी हुई। बातचीत के केंद्र में द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों को साझा किया गया। डॉ.जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि बीते बुधवार को हुई ये बैठक बहुत अच्छी तथा उत्पादक रही। मैंने और शेख अल नाहयान ने दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक सामरिक भागीदारी के परिपेक्ष्य में द्विपक्षीय और वैश्विक मामलों को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया। रायसीना संवाद से इतर जयशंकर ने भारत के युवा तकनीकी क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों और संस्थापकों से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि ये पीढ़ी बेबाक अंदाज में न केवल बड़े सपने देखती है। बल्कि निडरता के साथ उन पर विचार भी करती है। यहां बता दें कि शेख अल नाहयान यूएई के उप-प्रधानमंत्री भी हैं।

### 2022 में लागू हुआ सीपा समझौता

भारत, यूएई के बीच वर्ष 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हुआ था। जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूती प्रदान करना है। संवाद के अलावा जयशंकर ने जॉर्जिया की विदेश मंत्री माका बोचोरिशविली के साथ बैठक की। जिसके केंद्र में दोनों देशों के आपसी संबंधों जैसे व्यापार, कनेक्टिविटी और संस्कृति को गहराई प्रदान करने पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि पिछले महीने यूएनजीए सत्र के आयोजन के दौरान डॉ.जयशंकर ने शेख अल नाहयान और फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां नोयल बैरोट के साथ मुलाकात की थी। जिसमें त्रिपक्षीय सहयोग को लेकर साझा हितों से जुड़े हुए मामलों पर विचार-विमर्श किया गया था। पश्चिम एशिया के हालात व उसके प्रभावों पर भी तीनों मंत्रियों ने बातचीत की थी।

### भारत के लिए यूएई का महत्व

अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने बताया कि खाड़ी का ये देश नई दिल्ली के लिए ऊर्जा सप्लाई और निवेश का एक बड़ा स्रोत है। प्रवासी भारतीयों की यहां बड़ी तादाद है। जो कि देश की कुल जनसंख्या का लगभग 35% हैं। 2024 में यूएई में रहने वाले प्रवासियों की संख्या कुल करीब 4.3 मिलियन थी। जिनमें से 15 फीसदी भारतीय अबू धाबी के अमीरात में रहते हैं। जबकि बाकी बचे हुए लोग 6 अमीरात में निवास करते हैं। भारत के केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों देश के लोग ज्यादा संख्या में यहां आकर रह रहे हैं। इसके अलावा बिहार, यूपी, पंजाब के लोगों की भी भारतीय डायस्पोरा में भागीदारी बनी हुई है।

पाकिस्तान से होने वाले किसी भी आतंकी हमले का दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब

# भारत अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए उठाएगा सभी जरूरी कदमः राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में हुए रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पाकिस्तान को सीमापार आतंकवाद के मामले पर सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि उसकी ओर से किए जाने वाले किसी भी आतंकी कृत्य का भारत तुरंत करारा जवाब देगा। हमारा देश व इसकी सांस्कृतिक विचारधारा संवाद-सह अस्तित्व और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की पक्षधर है। लेकिन इसे कभी भी भारत की कमजोरी समझने की भूल नहीं की जानी चाहिए। हम अपने देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**यह जानकारी रक्षा मंत्री ने राजधानी में हुए रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी है**

### सिंदूर, बालाकोट एयरस्ट्राइक की दी मिसाल

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, बालाकोट एयरस्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक जैसी नई दिल्ली की पाकिस्तान के खिलाफ सीमा पार कर की गई कुछ सैन्य कार्रवाईयों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आतंकवाद की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए राजनयिक निंदा से इतर सक्रिय कार्रवाई की दिशा में भारत की नीति में आए निर्णायक बदलाव को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती हैं। रक्षा मंत्री ने व्हाइट कॉलर आतंकवाद, अकेले हमलावरों के उभरते हुए खतरे से मुकाबला करने के लिए नागरिक सतर्कता और जिम्मेदार कार्रवाई का आह्वान भी किया है।

### घट गई आतंकियों की आयु

उन्होंने ये भी कहा 2014 के बाद से ज्यादातर आतंकवादियों का जीवनकाल घटकर एक वर्ष से कम रह गया है। जिसमें सुरक्षा बलों की अहम भूमिका है। उन्होंने 12 महीने के भीतर ही ढूंढकर ही उनका काम तमाम कर दिया है। शांति को बनाए रखने के लिए शक्ति, क्षमता दोनों जरूरी हैं। भारत तो पहले से ही शांति की आशा रखता भी है। लेकिन कभी-कभी आवश्यक हो जाने पर हम राष्ट्र रक्षा के लिए युद्ध के लिए तैयार हैं। नई दिल्ली का लक्ष्य शांति की वकालत करते हुए एक ऐसे भारत का निर्माण करना है। जो सुरक्षा के मामले सतर्क रहे, अपनी संप्रभुता-अखंडता सहित राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में पूरी तरह से सक्षम हो।

### आतंकवाद का बढ़ता स्वरूप चिंताजनक

राजनाथ सिंह ने बताया कि हाइब्रिड युद्ध, उन्नत प्रौद्योगिकी वाले युद्ध के मौजूदा दौर में पूरी मुस्तैदी के साथ हर चुनौती का मुकाबला करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। डिजिटल युग में सुरक्षा खतरों को लेकर जटिलता बढ़ गई है। 5डी सुरक्षा खतरे जैसे डिसइनफॉरमेशन, डिस्टेबलाइजेशन, डिसटरप्शन, डिसेप्शन और डिस्ट्रक्शन का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवाद का स्वरूप अब केवल संगठित समूहों तक सीमित नहीं है। इसमें अकेले हमलावरों, व्हाइट कॉलर आतंकवाद जैसे नए खतरे उभर रहे हैं। जिसे देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के लिए चरमपंथ की ओर बढ़ रहे लोगों की पहचान करना व संभावित हमलों को वक्त रहते रोकना पहले के मुकाबला अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### कैप्टन मच्छार के प्रयासों को सराहा

उन्होंने अपने संबोधन में फ्लाई दुबई विमान हादसे के वक्त भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की है। साथ ही कहा उनके द्वारा एक बड़े आतंकी हमले को रोकने के लिए अपनी जान को जोखिम डाला गया। इस घटना ने अकेले हमला करने वाले आतंकवादियों से पैदा होने वाले खतरे को दुनिया के सामने उजागर किया और यह भी दिखाया कि कैसे एक व्यक्ति का साहस, प्रतिबद्धता नफरत से प्रेरित लोगों की योजनाओं को विफल कर सकती है? आतंकवाद के खिलाफ जंग में सुरक्षा एजेंसियों की क्षमता के साथ-साथ जागरूक, जिम्मेदार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है।

पनडुब्बी से परमाणु परीक्षण की आशंका

# उत्तर कोरिया ने दो तरह की क्रूज मिसाइलों का किया परीक्षण



एजेंसी ▶▶ प्योंगयाग

पूर्वी सागर में पनडुब्बी से दागी जाने वाली दो तरह की रणनीतिक क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। आशंका जताई जा रही है कि 3,000-टन श्रेणी का परीक्षण उस न्यूक्लियर अटैक सबमरीन (पनडुब्बी) से किया गया है जिसे 2023 में लॉन्च किया गया था। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी के हवाले से योनहाप न्यूज एजेंसी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। हालिया परीक्षण में मिसाइलें पनडुब्बी से दागी गईं या किसी अन्य परीक्षण मंच से, इस बारे में रिपोर्ट में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। इस बीच उत्तर कोरिया ने दावा किया कि इस परीक्षण से नौसेना की रणनीतिक अभियानों को अंजाम देने की क्षमता मजबूत होगी और देश की प्रतिरोधक क्षमता की विश्वसनीयता प्रदर्शित होगी।

समुद्री सहयोग से जुड़े मुद्दों की समीक्षा

# भारत-ग्रीस रक्षा सहयोग मजबूत करने पर सहमत, रोडमैप तैयार



एजेंसी ▶▶ एथेंस

भारत और ग्रीस ने रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में नई पहल तलाशने और संयुक्त रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक रोडमैप तैयार करने पर सहमति जताई है।

गुरुवार को एथेंस स्थित हेलेनिक आर्मी अकादमी में आयोजित रक्षा सहयोग पर दूसरे संयुक्त कार्य समूह की बैठक में दोनों देशों ने क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, क्षेत्रीय सुरक्षा, रक्षा उद्योग और समुद्री सहयोग से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के संयुक्त सचिव अमित तेलंग और ग्रीस के राजदूत मिशेल स्पिनेलिस ने की।

**क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान**

राजेश कुमार सिंह ने ग्रीस के विदेश मंत्रालय की स्थाई उपमंत्री एलेक्जेंड्रा पापाडोपोलू से भी मुलाकात की। इस दौरान भारत-ग्रीस रक्षा और रणनीतिक साझेदारी के बदलते स्वरूप के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत और ग्रीस प्रमुख समुद्री देश हैं और दोनों समुद्री सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने को विशेष महत्व देते हैं। दोनों देशों ने समुद्री क्षेत्र और रक्षा उद्योग में द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।




जमीन उपलब्ध कराने पर बीएसएफ डीजी ने सरकार का जताया आभार

# भारत-बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा होगी मजबूत



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) प्रवीण कुमार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए जमीन उपलब्ध कराने पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है।

गुरुवार को जारी बयान में कहा गया, बीएसफ डीजी ने बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जमीन देने पर मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार जताया। इससे बॉर्डर सिक्योरिटी ग्रिड को मजबूत करने और सीमा पर बाड़ लगाने में रह गई कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी।

डीजी कुमार ने मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी से मुलाकात की और उन्हें भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूदा सुरक्षा हालात के बारे में जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश के बीच 4,096.7 किलोमीटर लंबी सीमा है, जिसमें से 2,216.7 किलोमीटर का हिस्सा पश्चिम बंगाल में पड़ता है। राज्य में यह सीमा दक्षिण में सुंदरबन से लेकर उत्तर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर तक फैली हुई है।

**जहां बाढ़ नहीं लगी उन हिस्सों को करेंगे सुरक्षित**

बैठक के दौरान डीजी कुमार ने मुख्यमंत्री को पश्चिम बंगाल में बीएसएफ की तैयारियों और सीमा के उन हिस्सों को सुरक्षित करने के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों के बारे में जानकारी दी, जहां अभी तक बाड़ नहीं लगाई गई है। गृह मंत्रालय के अनुसार, पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा का लगभग 569 किमी हिस्सा बिना बाड़ वाला है। इसमें से लगभग 113 किलोमीटर का हिस्सा नदी वाला क्षेत्र है, जहां पारंपरिक तरीके से बाड़ लगाना संभव नहीं है।

पेशावर के स्कूल में भीषण हादसा

# छत ढहने से 31 बच्चों समेत 33 लोगों की दर्दनाक मौत



एजेंसी ▶▶ पेशावर

पाकिस्तान के पेशावर में गुरुवार को प्राइवेट स्कूल की छत भरभराकर गिर गई। मलबे के नीचे दबने से 31 बच्चों और दो लेडी टीचर समेत 33 की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने 'लेडी रीडिंग हॉस्पिटल' (एलआरएच) के हवाले से बताया कि इस दर्दनाक हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एलआरएच के अनुसार, 53 बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से ज्यादातर लड़के थे। इनमें से 33 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 17 बच्चों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक सभी बच्चों की उम्र 14 साल या उससे कम थी। एलआरएच प्रवक्ता मुहम्मद आसिम ने बताया कि अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई थी और वरिष्ठ अधिकारी ट्रॉमा वार्ड में मौजूद थे। ताकि घायलों के इलाज की निगरानी की जा सके। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर थी।

# ट्रंप तय करेंगे रूसी तेल खरीदने वाले किन देशों पर प्रतिबंध लगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर 100% टैरिफ पर अपनी बात रखी। उन्होंने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोलते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले 10 दिनों के भीतर प्रतिबंधों पर फैसला ले सकते हैं, जिसे रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों, जिनमें भारत भी शामिल है पर असर पड़ सकता है। इस साल 18 सितंबर को ट्रंप ने लिंडसे ओ ग्राम सैक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 पर साइन कर इसे कानून बना दिया। यह कानून रूस से तेल, गैस के टॉप एनर्जी आयातकों या प्रतिबंधों से बचने से संबंधित है।



### भारत पर 100% टैरिफ लगेगा या नहीं, 10 दिन में होगा फैसला

**जल्द ही दोनों देशों में ट्रेड डील**

*जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत को कोई राहत या छूट मिलेगी, तो अमेरिकी राजदूत ने कहा कि गेंद ट्रंप के पाले में है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंचेंगे और लगभग डेढ़ साल से चल रही जटिल बातचीत के बावजूद दोनों देशों ने काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि बड़े मुद्दे सब पूरे हो चुके हैं. उन्होंने कहा कि बचे हुए मुद्दों में कुछ छोटी मोटी बातें और नई चिंताएं शामिल हैं, जो बातचीत आगे बढ़ने पर सामने आ सकती हैं। गोर ने कहा कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा 6-3 के फैसले के बाद प्रशासन ने व्यापार समझौते के कुछ हिस्सों पर फिर से विचार किया, जिसमें कहा गया था कि इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमी पावर एक्ट के तहत ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ गैरकानूनी थे और कांग्रेस की टैक्स की अनन्य शक्ति का हनन करके संविधान का उल्लंघन करते थे।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109